




सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 16 अंक - 81 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 03 जनवरी 2025 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


# बाहरी राज्यों से डीजल की आवक रोकने छत्तीसगढ़ सरकार का बड़ा फैसला, बल्क डीजल पर टैक्स घटा

## सरकार ने जारी की अधिसूचना, कमर्शियल व्हीकल के लिए बल्क में लेने पर 6 रुपए तक सस्ता मिलेगा फ्यूल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने डीजल पर लगने वाले टैक्स को कम कर दिया है। इस संबंध में वाणिज्यिक विभाग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। बल्क में लिए जाने पर डीजल में लगने वाले टैक्स को 7 फीसदी की कमी की गई है। इससे प्रति लीटर डीजल 6 रुपए तक सस्ता हो सकता है। अब तक राज्य की ओर से डीजल पर लगभग 24 फीसदी लगता था जिसे घटाकर अब 17 फीसदी कर दिया गया है। 17 पर्सेंट टैक्स लगने की वजह से करीब 6 रुपए की कमी डीजल के दामों में आएगी। हालांकि इस रेट पर आम लोगों को डीजल नहीं मिलेगा। इसके लिए सरकार ने केटेगरी भी तय कर दी है।




छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के राजस्व को बढ़ावा देने और बाहरी राज्यों से डीजल की आवक रोकने के लिए बड़ा फैसला लिया है। बल्क डीजल खरीदी पर 6 रुपए की छूट देने से हो रहे वार्षिक 350 करोड़ रुपये के नुकसान को देखते हुए, राज्य सरकार ने माल और सेवा कर अधिनियम में संशोधन किया है। इससे स्थानीय कारोबारियों को राहत मिलने के साथ ही राजस्व में भी इजाफा होगा। विधानसभा में संशोधित विधेयक पारित होने के बाद सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी। अब हाई स्पीड डीजल पर 23 फीसदी वैट और 1 रुपये प्रति लीटर का अतिरिक्त शुल्क लगेगा, जबकि पेट्रोल पर 24 फीसदी वैट और 2 रुपये प्रति लीटर अतिरिक्त देना होगा। कमर्शियल केटेगरी में काम करने वाले वाहनों के लिए टैक्स 17 फीसदी रहेगा।

### बड़े कारोबारी यूपी व गुजरात से मंगा रहे हैं डीजल

सरगुजा संभाग में खनन और निर्माण क्षेत्र के बड़े कारोबारी उत्तर प्रदेश और गुजरात से डीजल मंगवा रहे थे। इन राज्यों में क्रमशः 17 फीसदी और 14 फीसदीवैट होने से प्रति लीटर 6 रुपए का लाभ हो रहा था। इसके कारण कारोबारी बल्क में डीजल मंगवा रहे थे। जीएसटी विभाग के अधिकारियों के अनुसार, पिछले वर्ष डेढ़ लाख किलोलीटर डीजल अन्य राज्यों से आयात किया गया। इससे छत्तीसगढ़ सरकार को वैट राजस्व का बड़ा नुकसान हुआ। अब नए प्रावधान के तहत छत्तीसगढ़ में भी बल्क डीजल खरीदने पर 17 फीसदी वैट देना अनिवार्य होगा।

### 12 किलोलीटर डीजल खरीदने पर मिलेगी छूट

सरकार ने नियम बनाया है कि कारोबारियों को छूट पाने के लिए कम से कम 12 किलोलीटर डीजल खरीदना होगा और यह खरीदी केवल छत्तीसगढ़ के भीतर से ही होनी चाहिए। यह डीजल केवल सरकारी तेल कंपनियों जैसे इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, हिन्दूस्तान पेट्रोलियम, नयारा एनर्जी लिमिटेड और रिलायंस इंडस्ट्रीज के पंपों से खरीदा जा सकेगा। इसके लिए संबंधित वाणिज्यिक कर अधिकारी से स्वीकृति प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य होगा। माना जा रहा है कि सरकार का यह निर्णय बड़े कारोबारियों और निर्माण क्षेत्र के लिए फायदेमंद साबित होगा। इसके साथ ही, अन्य राज्यों से डीजल आयात पर लगाम लगाकर राज्य के राजस्व में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा। नई अधिसूचना 30 दिसंबर से प्रभावी हो गई है।

### इन्हें मिलेगा सस्ते डीजल का लाभ

छत्तीसगढ़ सरकार के टैक्स डिपार्टमेंट की तरफसे जारी की गई अधिसूचना के मुताबिक सड़क परिवहन, एयरपोर्ट, रेलवे, नहर, बांध या अन्य सिंचाई कार्यों से जुड़े, पाइपलाइन पेयजल आपूर्ति, वॉटर ट्रीटमेंट, सीवरेज, कंस्ट्रक्शन, पुल, सुरंग, टर्मिनल बनाने, खनन के काम से जुड़े या खनन कारखाने की सामग्री का परिवहन करने वाले व्यापारियों को इसका फायदा मिलेगा। यह फायदा लेने के लिए व्यवसायियों के पास कैटेगरी क्क का पेट्रोलियम उत्पाद बल्क स्टोरेज लाइसेंस होना चाहिए।

## खास-खबर

### कुल्हाड़ी से हमला कर पति ने की पत्नी की हत्या, घटना के बाद फरार हुआ आरोपी



बालोद। गुरुर थाना क्षेत्र के कंवर चौकी के अंतर्गत सांगली गांव में पति ने अपने ही पत्नी पर कुल्हाड़ी से सिर पर वार कर फरार हो गया। जब तक उसे गांव वाले अस्पताल पहुंचाते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। गुरुर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर उसकी खोजबीन में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी पति केवल साहू शुक्रवार की अलसुबह 5 बजे के आसपास अपनी पत्नी मृतिका ईश्वरी साहू पर कुल्हाड़ी से सिर पर हमला कर फरार हो गया। आसपास के गांव वाले जब उसके घर के पास से गुजर रहे थे ता लहुलुहान हालत में उसे देखकर तत्काल अस्पताल लेकर गए लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया और डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर गुरुर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मृतिका के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच में जुट गई है। पुलिस आरोपी पति केवल साहू की तलाश में जुट गई है। फिलहाल हत्या के पीछे का कारण पता नहीं चल सका है।

### वन विभाग को मिली बड़ी सफलता जंगल में नर हाथी की मौत मामले में दो और गिरफ्तार

बलरामपुर। बलरामपुर-रामानुजगंज वन परिक्षेत्र के छतवा जंगल में नर हाथी का शव बीते माह 19 दिसंबर को मिला था। इस मामले में वन विभाग ने दो आरोपियों हरि सिंह और परमेश्वर सिंह को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया था। जबकि दो और फरार आरोपियों की तलाश की जा रही थी। गुरुवार को इस मामले में वन विभाग को सफलता मिली और आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

वन विभाग ने गुरुवार को गोवर्धन उर्फ राकेश कोरवा (36) और बालदेव सिंह (48) को गिरफ्तार कर वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2,9,50,51 और 52 के तहत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल दाखिल कराया गया। वन विभाग अधिकारियों ने बताया कि यदि वन्य प्राणियों की अवैध शिकार से संबंधित कोई भी जानकारी मिलती है तो तत्काल वन विभाग को सूचना दें ताकि उचित कार्रवाई कर वन्य प्राणियों के अवैध शिकार पर अंकुश लगाया जा सकें।

# चौथे माले के लिफ्ट से गिरकर युवक की मौत, देर रात सुपेला के चौहान इस्टेट स्थित जुमांजी होटल की घटना

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। देर रात सुपेला में चन्द्रा-मौर्या टाकीज के पास स्थित चौहान इस्टेट में संचालित जुमांजी होटल के चौथे माले की लिफ्ट से गिर कर एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान 32 वर्षीय विनय गुप्ता निवासी कर्मा स्कूल के पीछे वार्ड-17 सुपेला के रूप में हुई है। युवक आकाशगंगा मार्केट में नारियल पानी बेचता था। घटना कल रात 11 बजे की बताई जा रही है। सुपेला पुलिस मामले में फिलहाल मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है।



सुपेला थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने बताया कि कल रात युवक के लिफ्ट में गिरने की सूचना मिली। फौरन टीम मौके पर भेजी गई। चौहान इस्टेट के जुमांजी होटल में लगी लिफ्ट से युवक चौथी मंजिल पर गया था। आशंका जताई जा रही है कि वापस आते समय उसने लिफ्ट का प्रयोग करने दरवाजा खोला, लिफ्ट आई भी मगर तब वह भीतर नहीं गया। कुछ समय बाद जब लिफ्ट नीचे चली गई तो युवक दरवाजा खोल भीतर चला गया और लिफ्ट केज में वह नीचे रूकी लिफ्ट के ऊपर गिरा जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। शव को पीएम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत की वास्तविक वजह सामने आएगी।

चौहान इस्टेट में कुछ लोगों ने बताया कि विनय नशे में था और काफी देर से वह चौहान स्टेट के फ्लोर पर देखा गया। आशंका यह भी है कि नशे की मदहोशी में वह लिफ्ट केज के गड्ढे में जा गिरा होगा। मृतक विनय कर्मा स्कूल के पीछे सुपेला निवासी बसंत गुप्ता के दो लड़कों में बड़ा बेटा था। उसके मौत की खबर से मोहल्ले और घर में मातम पसर गया। विनय आकाशगंगा सुपेला में नारियल पानी बेचता था। बसंत गुप्ता ने पुलिस प्रशासन से विनय की मौत के संबंध में जांच की मांग की है।

# छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली कई ट्रेनें रद्द, कुछ ट्रेनों का बदला रूट

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली कई ट्रेनों को रेलवे ने रद्द कर दिया है। इसके पीछे की वजह को लेकर रेलवे प्रशासन ने निर्माण कार्यों का हवाला दिया है। दरअसल उतर रेलवे के जम्मू तवी स्टेशन में यार्ड रिमॉडलिंग और अन्य संरक्षा संबंधित कार्य होने से ब्लॉक के कारण कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। उतर रेलवे के जम्मू तवी स्टेशन में यार्ड रिमॉडलिंग एवं अन्य संरक्षा संबंधित कार्य होने से पॉवर ब्लॉक लिया जायेगा। दूसरी ओर चक्रधरपुर एवं रांची रेल मंडल में विभिन्न सेक्शनों में ब्लॉक लेकर कई कार्य किया जाएगा। इस कारण कई गाड़ियां रद्द रहेंगी।


- दिनांक 04, 6 से 15 जनवरी, 2025 तक बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18114 बिलासपुर- टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 05, 7 से 16 जनवरी, 2025 तक टाटानगर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18113 टाटानगर- बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 08 जनवरी, 2025 को हैदराबाद से चलने वाली 07255 हैदराबाद-पटना स्पेशल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से राउरकेला-सिनी-चांडिल-मूरी-कोटशिला जंक्शन होकर चलेगी।
- दिनांक 08 जनवरी, 2025 को दुर्ग से चलने वाली 20847 दुर्ग-ऊधमपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 10 जनवरी, 2025 को ऊधमपुर से चलने वाली 20848 ऊधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- दिनांक 07 जनवरी, 2025 को दुर्ग से चलने वाली 12549 दुर्ग-ऊधमपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 9 जनवरीको ऊधमपुर से चलने वाली 12550 ऊधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 11 जनवरी को मालदा डाऊन से चलने वाली 13425 परिवर्तित मार्ग से कोटशिला जंक्शन-मूरी-चांडिल- सिनी- राउरकेला होकर चलेगी।

# सर्द हवा ने बढ़ाई ठिठुरन, 4 डिग्री तक लुढ़का पारा सरगुजा में कोहरा, 2 दिन शीतलहर का अलर्ट

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवा ने ठिठुरन बढ़ा दी है। बीते दो दिनों में कई जिलों में रात का तापमान 3 से 4 डिग्री गिरा है। मौसम विभाग के मुताबिक सरगुजा संभाग के जिलों में कोहरा छाया रहेगा। दो दिन शीतलहर की चेतावनी जारी की गई है।

उत्तर के राज्यों में अच्छी बर्फबारी हो रही है और पहाड़ी राज्यों की तरफ से आ रही सर्द हवाओं की वजह से तापमान लगातार गिरा है। गुरुवार को 5 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ बलरामपुर सबसे ठंडा रहा है। वहीं रायपुर में रात का पारा 12 डिग्री पहुंच गया है। रायपुर से लेकर सरगुजा और बस्तर तक अब फिर से कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो गया है। मौसम विभाग का कहना है कि अभी कुछ दिनों तक तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा, यानी ठंड बरकरार रहेगी। कुछ जगहों पर 1 से 2 डिग्री तक तापमान बढ़ सकता है। उत्तर भारत से ठंडी और ड्राई (शुष्क) हवाएं आ रही है। इसलिए ठंड ज्यादा महसूस हो रही है। हालांकि मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले 5 दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। मौसम शुष्क ही रहेगा।



# दुर्ग-विशाखापट्नम वंदेभारत एक्सप्रेस के कोच होंगे कम

■ 16 कोच वाली ट्रेन को नहीं मिल रहे यात्री, जल्द पहुंचेगा नया रैक

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। दुर्ग-विशाखापट्नम वंदे भारत एक्सप्रेस अब जल्द ही 16 की बजाय 8 कोच के साथ चलेगी। एक्सप्रेस के शुरू होने के बाद इसके यात्रियों की संख्या को देखते हुए रेलवे ने यह निर्णय लिया है। 16 कोच वाली इस ट्रेन में यात्रियों को टोटा है। रोजाना इसकी केवल 30 से 35 फीसदी सीटें की भर पा रही हैं इसके कारण रेलवे को को नुकसान हो रहा है। इसके कारण अब इसके कोच को कम करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव भेजा गया था जिसे मंजूर कर लिया गया है।



रेलवे ने छत्तीसगढ़ को इससे पहले बिलासपुर नागपुर वंदेभारत की भी सौगात दी थी। बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने वाली इस ट्रेन को भी पहले 16 कोच के साथ चलाया गया। कुछ ही दिन में पता चल गया कि इसमें यात्रियों की संख्या कम है। इसके बाद बिलासपुर-नागपुर वंदेभारत के कोच भी 16 से घटाकर 8 कर दिए गए। इसके बाद दुर्ग से विशाखापट्नम के बीच वंदेभारत एक्सप्रेस शुरू की गई। इसमें भी यात्रियों का टोटा है इस वजह से अब इसके कोच भी 16 से घटाकर 8 करने का निर्णय लिया गया।

### विशाखापट्नम के लिए आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें

विशाखापट्नम के लिए दुर्ग रायपुर होकर आधा दर्जन से ज्यादा ट्रेनें चलती है। इन ट्रेनों में यात्री सफर करना ज्यादा पसंद करते हैं। खासकर कोरबा विशाखा पट्नम लिंक एक्सप्रेसय, समता एक्सप्रेस, एलटीटी विशाखापट्नम, दुर्ग-विशाखापट्नम एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में लोग वेटिंग में टिकट लेते हैं लेकिन खाली रहने के बाद भी लोग वंदेभारत में टिकट लेना पसंद नहीं कर रहे। इसका एक कारण यह भी है कि वंदेभारत के टिकट के दर अन्य ट्रेनों की अपेक्षा ज्यादा है।

# बेलगांव अधिवेशन के सौ साल

श्रीकंचनपथ




भारत की राजनीति में बेलगांव का बड़ा महत्व है। बेलगाव, बेलगांव या बेलगाम कर्नाटक राज्य का एक जिला मुख्यालय है। 100 साल पहले 2024 में यहां कांग्रेस का 39वां अधिवेशन हुआ था। महात्मा गांधी ने कांग्रेस के इस अधिवेशन की अध्यक्षता की थी। इस अधिवेशन में महात्मा गांधी के अलावा, मोतीलाल नेहरू, जवाहरलाल नेहरू, लाला लाजपत राय, सी राजगोपालचारी, डा। एनी बिसेंट, डॉ सरोजिनी नायडू, देशबंधु चित्तरंजनदास, पंडित मदन मोहन मालवीय, सैफुद्दीन किचलु, अबुल कलाम आजाद, राजेन्द्र प्रसाद, वल्लभभाई पटेल जैसे दिग्गज शामिल हुए थे। इस अधिवेशन की स्मृति में 'वीरसौधा' स्मारक बनाया गया। कैम्पस में मौजूद कुआं, कांग्रेस कुएं के नाम से जाना जाता है। इसे अधिवेशन के दौरान ही पीने के पानी की आवश्यकता के लिए बनाया गया था। कुएं का नाम पम्पा सरोवर और अधिवेशन के स्थान का नाम हम्पी साम्राज्य के नाम पर विजयनगर रखा गया। 28 दिसम्बर 2024 को कांग्रेस ने अपनी स्थापना के 140 साल पूरे कर लिये। यहीं राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन किया गया पर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के देहांत की वजह से इसे स्थगित करना पड़ा। अब नए साल में इसे आगे बढ़ाया जाएगा। कांग्रेस की योजना देशभर में जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान चलाने की है जिसका समापन 26 जनवरी को डॉ भीमराव अम्बेडकर की जन्मस्थली महू में होगी। इस अभियान के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। राजनीति में एक फिकरे का इस्तेमाल यदा-कदा सभी करते हैं। यह फिकरा है 'फूट डालो और राज करो'। आजादी के बाद के आरंभिक दशकों में देश केवल निर्माण में लगा हुआ था। नेतृत्व को लेकर कभी कोई सवाल नहीं उठा। प्रत्येक भारतीय ने इसमें अपना योगदान दिया। किसी का धर्म कभी इसमें आड़े नहीं आया। पर जैसे-जैसे देश खुशहाल होता गया, राजनीति एक व्यवसाय की तरह उभरा। एक ऐसा व्यवसाय जिसमें बिना किसी डिग्री या डिप्लोमा के असीमित अधिकार मिल जाते हैं। कुछ चेहरे सामने होते हैं जो ताली बटोरने और गाली खाने का काम करते हैं। असली चाणक्य इन चेहरों के पीछे छिपे होते हैं जो राजनीति की दिशा और दशा तय करते हैं। देश में आज 97 करोड़ मतदाता हैं जिनमें से 66 फीसद युवा हैं। ये मीनू कार्ड वाली पीढ़ी है। इस पीढ़ी को ठीक चुनाव से पहले एक मुद्दा भर परोसना होता है। पिछले कुछ वर्षों से यह मुद्दा हिन्दू-बनाम मुसलमान का हुआ पड़ा है। ठीक चुनाव से पहले धर्म परिवर्तन का मुद्दा भी उठ जाता है। वो भूल जाते हैं कि हिन्दुत्व का जो फार्मूला लेकर वह चल रहे हैं वह केवल उच्च सवर्णों का प्रतिनिधित्व करता है। इनमें बड़ी संख्या उस दबे कुचले वर्ग की है जो अम्बेडकर की चिंता का विषय थे। इनकी पूजा पद्धति, खान-पान, संस्कार सबकुछ अलग है। अगर ये वर्ग कटा तो हिन्दू खुद अल्पसंख्यक हो जाएंगे। दरअसल, हिन्दुत्व का जो चेहरा लेकर लोग राजनीति कर रहे हैं वो संघ की वर्षों की तपस्या को ही खंडित कर रहे हैं।




## संपादकीय

# बताया जांच का सच क्या है

छत्तीसगढ़ में ईडी के मुताबिक दो हजार करोड़ रुपए का घोटाला तो हुआ है। यह उसकी अब तक की गई जांच का सच है। उसकी जांच का सच यह भी है कि दो हजार करोड़ रुपए को घोटाले में तब के आबकारी मंत्री कवासी लखमा को एक बड़ी रकम मिलती थी।ईडी के छापे के बाद कवासी लखमा ने बयान जारी कर कहा था कि उन्हें एक रुपया नहीं मिला है। वह अपनी तरफ से यह बताने की कोशिश कर रहे थे कि ईडी ने जो कहा है वह झूठ है तो ईडी की जिम्मेदारी बनती है कि वह बताए उसकी जांच का सच क्या है। ईडी देश की बड़ी और विश्वसनीय जांच एजेंसी है, वह अपनी तरफसे बिना जांच के तो कोई बात नहीं कह सकती है, उसकी जांच में उसे जो पता चला है, वही बात कह रही है, इसी आधार पर वह दोबारा कह रही है कि कवासी लखमा को दो हजार के शराब घोटाले में हर माह एक बड़ी राशि मिलती थी।

> **ईडी की जांच में यह भी बताया गया है कि 2019 व 2022 के बीच चलने वाले शराब घोटाले में अवैध कमीशन के माध्यम से अपराध की आय उत्पन्न की गई। यह रिश्वत छग राज्य विपणन निगम लिमि द्वारा डिस्टिलर्स से प्रति केस खरीदी शराब पर वसूली जाती थी,कच्चे बही खातों से बाहर देशी शराब की बिना हिसाब वाली बिक्री अवैध धन उत्पन्न करने का एक और जरिया थी। इस मामले मे एक रुपया भी सरकारी खजाने में नहीं पहुंचा और बिक्री से प्राप्त पूरी राशि सिंडीकेट ने हड़प ली। अवैध शराब राज्य सरकार द्वारा संचालित दुकानों में बेची गई।**

ईडी की इन बातों को कोई नहीं झूठला रहा है। कवासी लखमा तो अपने को पाक साफ बता रहे हैं, वह तो जब तक अदालत का फैसला नहीं आ जाता यही कहते रहेंगे उनको एक पैसा नहीं मिला है। पैसा मिला है तो छापे में क्यों नहीं मिला। आबकारी मंत्री रहे कवासी लखमा जब यह कहते हैं कि वह तो पढ़ नहीं पाते हैं, त्रिपाठी जैसे अधिकारियों ने उनसे कहा कि यहां हस्ताक्षर करना है तो उन्होंने फाइलों में दस्तखत कर दिए। ऐसा कहकर क्या कवासी लखमा अपनी तब की सरकार को सवालों को कठघरे में खड़ा नही कर रहे हैं।

ऐसे मे यह सवाल तो लोगों को मन में उठेगा ही कि क्या आदिवासी विधायक के अनपढ़ होने का फायदा उठाकर अधिकारियों ने शराब घोटाला किया है। क्या शराब घोटाला करने की योजना पहले बन गई थी और इस घोटाले के ही लिए ही कवासी लखमा जैसे अनपढ़ विधायक को आबकारी विभाग का मंत्री बना दिया गया। ईडी ने अदालत में यह भी कहा है कि आबकारी मंत्री तो कवासी लखमा थे लेकिन आबकारी मंत्री का काम अनवर ढेबर करते थे। इस आधार पर तो यह कहा जा सकता है कि कवासी लखमा को अनपढ़ होने के बाद भी आबकारी मंत्री बनाना कोई तारीफ करने लायक काम नहीं था क्योंकि यह एक आदिवासी विधायक को बदनाम करने वाला काम था। शराब घोटाले में आदिवासी विधायक का नाम आने आदिवासी समाज को भी तो बुरा लगता होगा कि आदिवासी विधायक को आबकारी मंत्री बनाकर उनके नाम पर घोटाला किया गया, उनको बदनाम किया गया। आदिवासी समाज को तो यही लगेगा कि एक आदिवासी विधायक ने अपने अधिकारियों व सरकार पर भरोसा किया और उन लोगों ने आदिवासी विधायक से विश्वासघात किया।

## रुझान बढ़ती गैर-बराबरी का ही संकेत

**कॉरपोरेट सेक्टर की उदारता और मौज-मस्ती पर धनी तबके के अधिक खर्च की बढ़ी प्रवृत्ति से एयर लाइन उद्योग में और चमक आएगी। मगर विडंबना यह है कि ये चमक जिस विशाल दलदल के बीच मौजूद है, उसका भुरभुरापन बढ़ता ही जा रहा है।**

विमानन कंपनियां खुश हैं कि भारत में बिजनेस क्लास में यात्रा करने का ट्रेंड तेजी से बढ़ा है। ट्रेवल एजेंसियां भी खुश हैं। इस क्लास का टिकट कटवाने पर उन्हें ज्यादा कमीशन मिल रहा है। इन एजेंसियों के मुताबिक भारतीय अब विमान यात्रा के बेहतर अनुभव को ज्यादा तरजीह दे रहे हैं। कॉरपोरेट्स अपने अधिकारियों को बेहतर सुविधा देने पर उदारता से खर्च कर रहे हैं।

नतीजतन छुट्टियों के इस सीजन में बिजनेस क्लास की टिकट बिक्री में ऑनलाइन ट्रेवल एजेंसी मेक माई ट्रिप के मुताबिक 50 प्रतिशत और क्लीयरट्रिप के मुताबिक 60 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। खासकर जो लोग विदेश यात्राएं करते हैं, उनमें बिजनेस क्लास का आकर्षण तेजी से बढ़ा है। इस रुझान को देखते हुए देशी और विदेशी विमानन कंपनियां अपने विमानों में इस सुविधा को बढ़ाने में जुटी हैं।

और ऐसा सरकारी नीतियों और कॉरपोरेट सेक्टर के अधिक से अधिक वित्तीय कारोबार में शामिल होते जाने के कारण हुआ है। दूसरी तरफ इन नीतियों का ही परिणाम है कि करोड़ों मेहनतकश कर्मचारियों की वास्तविक आय गिरती चली गई है। परिणामस्वरूप उपभोग और मांग बाजार से गायब होते जा रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक 2019 में दी गई कॉरपोरेट टैक्स छूट से पिछले पांच साल में अतिरिक्त लगभग छह लाख करोड़ रुपये कॉरपोरेट्स की जेब में गए हैं। इस रकम का उत्पादक निवेश करने के बजाय कॉरपोरेट्स ने अपने अधिकारियों की मौज-मस्ती बढ़ाई है। स्पष्टत: ये रुझान बढ़ती गैर-बराबरी का ही संकेत है।

**( आरएनएस )**

## नजरिया

# दिल्ली चुनावों पर 'रेवड़ी कल्चर' का खतरनाक साया

*दिल्ली विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, राजनीतिक सरगर्मी उग्र से उग्रत्तर होती जा रही है। आम आदमी पार्टी मतदाताओं को लुभाने की कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। चुनाव से पहले अब आम आदमी पार्टी ने एक ऐसी लुभावनी, मतदाताओं को आकर्षित करने की योजना की घोषणा की है जिसके अन्तर्गत मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथियों को 18 हजार रुपए महीने दिए जाएंगे। इस योजना का नाम पुजारी-ग्रंथी योजना है।*

ललित गर्ग

मुस्लिम धर्म एवं उनके अनुयायियों को रिझाते-रिझाते एकदम से केजरीवाल को हिन्दू धर्म के पुजारी एवं सिख धर्म के ग्रंथी क्यों याद आ गये? विडम्बना है कि विभिन्न राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त उपहार बांटने, तोहफों, लुभावनी घोषणाएं एवं योजनाओं की बरसात करने का माध्यम बनते जा रहे हैं। बजट में भी 'रेवड़ी कल्चर' का स्पष्ट प्रचलन लगातार बढ़ रहा है, खासकर तब जब उन राज्यों में चुनाव नजदीक हों। 'फ्रीबीज' या मुफ्त उपहार न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में वोट बटोरने का हथियार हैं। यह एक राजनीतिक विसंगति एवं विडम्बना है जिसे कल्याणकारी योजना का नाम देकर राजनीतिक पार्टियां राजनीतिक लाभ की रोटियां सेंकती है। अरविन्द केजरीवाल ने तो दिल्ली में अपनी हार की संभावनाओं को देखते हुए सारी हदें पार कर दी है। बात केवल आम आदमी पार्टी, कांग्रेय या भाजपा की ही नहीं है, बल्कि हर राजनीतिक दल सरकारी खजानों का उपयोग आम मतदाता को अपने पक्ष में करने के लिये करता है।

'मुफ्त की सौगात' राजनीतिक फायदे के लिए जनता को दाना डालकर फंसाने वाली पहल है, एक तरह से दाना डालकर मछली पकड़ने जैसा है। ऐसी सौगातें सिर्फगरीबों के लिए नहीं बल्कि सभी के लिए होती है, जिसके पीछे आम आदमी पार्टी के संयोजक जैसे राजनेताओं का एकमात्र उद्देश्य देश में अपनी और अपनी पार्टी का प्रभुत्व स्थापित करना है। केजरीवाल के द्वारा चुनावों में मुफ्त की घोषणाएं करना कोई नया चलन नहीं है। अपने देश में रेवड़ियां बांटने का वादा और फिर उन पर जैसे-तैसे और अक्सर आधे-अधूरे ढंग से अमल का दौर चलता ही रहता है। लोकलुभावन वादों को पूरा करने की लागत अंतत: मतदाताओं को खासकर करदाताओं को ही वहन करनी पड़ती है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने भी मुफ्त रेवड़ियां बांटने के चलन पर गंभीर चिंता जताई थी। नीति आयोग के साथ रिजर्व बैंक भी मुफ्त की रेवड़ियों पर आपत्ति जता चुका है, लेकिन राजनीतिक



दलों पर कोई असर नहीं। कई बार तो वे अपात्र लोगों को भी मुफ्त सुविधाएं देने के वादे कर देते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कुछ समय पहले उन दलों को आड़े हाथों लिया था, जो वोट लेने के लिए मुफ्त की रेवड़ियां देने के वादे करते हैं। उनका कहना था कि रेवड़ी बांटने वाले कभी विकास के कार्यों जैसे रोड, रेल नेटवर्क आदि का निर्माण नहीं करा सकते। वे अस्पताल, स्कूल और गरीबों के घर भी नहीं बनवा सकते। यदि कोई नेता या राजनीतिक दल गरीबों को कोई सुविधा मुफ्त देने का वादा कर रहा है तो उसे यह भी बताना चाहिए कि वह उसके लिए धन कहां से लाएगा? अनेक अर्थशास्त्री मुफ्त उपहार बांटकर लोगों के वोट खरीदने की खतरनाक प्रवृत्ति के प्रति आगाह कर चुके हैं, लेकिन उनकी चिंताओं से नेता बेपरवाह हैं। वे यह देखने को तैयार ही नहीं कि अनाप-शनाप चुनावी वादों को पूरा करने की कीमत क्या होती है और उनसे आर्थिक सेहत पर कितना बुरा असर पड़ता है।

रेवड़ी संस्कृति अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए घातक भी साबित होती है। इससे मुफ्तखोरी की संस्कृति जन्म लेती है। मुफ्त की सुविधाएं पाने वाले तमाम लोग अपनी आय बढ़ाने के जतन करना छोड़ देते हैं। दिल्ली में महिलाओं एवं किन्नरों को भी डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा की घोषणाएं की गयी है, जिन्हें इस तरह की सुविधा की जरूरत नहीं। आधी आबादी को मुफ्त यात्रा की सुविधा देने से दिल्ली में डीटीसी को हर साल करोड़ों रुपये तक का नुकसान हुआ है। इस राशि का उपयोग दिल्ली के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किया जा सकता है। लेकिन केजरीवाल ने ऐसी विकृत राजनीति को जन्म दिया है, जिसमें विकास पीछे छूट गया है। राजनीतिक दलों में ऐसी 'मुफ्त की संस्कृति' की प्रतिस्पर्धा का परिणाम अनुसंधान एवं विकास व्यय, स्वास्थ्य व शिक्षा व्यय और रक्षा व्यय में कमी के रूप में देखने को मिले तो कोई आश्चर्य नहीं है। पिछले दस वर्षों में दिल्ली का विकास ठप्प है। हम दक्षिण कोरिया के रास्ते पर चलकर भविष्य में एक विकसित अर्थव्यवस्था बनेंगे या हमेशा एक 'विकासशील राष्ट्र' बने रहेंगे, यह हमारे द्वारा अभी चुने गए विकल्पों से निर्धारित होगा। ऐसी मुफ्त की सुविधा, सम्मान एवं लोकलुभावन की घोषणाओं से कहीं हम पाकिस्तान एवं बांग्लादेश की तरह अपनी अर्थ-व्यवस्था को रसातल में न ले जाये?

आप सुप्रीमो ने केवल आप सरकारों बल्कि विपक्षी दलों को अपने राज्यों में पुजारियों-ग्रंथियों को सम्मान राशि देने जैसे परियोजनाएं शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा है कि वे नई योजना में बाधा न डालें, ऐसा करके वे भगवान को क्रोधित करेंगे। भला राजनीतिक स्वार्थ की रोटियों के बीच भगवान कहां से आ गये? शिक्षा एवं चिकित्सा जैसी मूलभूत योजनाएं तो ठीक से चला नहीं पाते, अच्छे-भले सम्पन्न एवं निष्कंटक जीवन का निर्वाह करने वाले लोगों के लिये मुक्त की सुविधाएं कैसे कल्याणकारी हो सकती है? पंजाब विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने महिलाओं को नगद राशि देने की घोषणा की थी, क्या हुआ उस योजना का? दिल्ली में 250 से अधिक इमामों को 17 महीने से अधिक समय से वेतन नहीं मिला है। मुफ्त बिजली एवं पानी देने की घोषणाएं भी ठण्डे बस्ते में चली गयी। ऐसी अनेक घोषणाएं हैं जो चुनावी मुद्दा तो बनती है, मतदाताओं को लुभाती है, लेकिन चुनाव जीतने के बाद धरती पर उतरती कभी नहीं। सभी राजनीतिक दलों की बड़ी लुभावनी घोषणाएं होती हैं, घोषणा पत्र होते हैं-जनता को पांच वर्षों में अमीर बना देंगे, हर हाथ को काम मिलेगा, सभी के लिए मकान होंगे, सड़कें, स्कूल-अस्पताल होंगे, बिजली और पानी, हर गांव तक बिजली पहुंचाई जायेगी, शिक्षा-चिकित्सा नि:शुल्क होगी। ये राजनीतिक घोषणाएं पांच साल में अधूरी ही रहती है, फिर चुनाव की आहट के साथ रेवडियां बांटने का प्रयत्न किया जाता है, कितने ही पंचवर्षीय चुनाव हो गये और कितनी ही पंचवर्षीय योजनाएं पूरी हो गईं पर यह दुनिया का आठवां आश्चर्य है कि कोई भी लक्ष्य अपनी समग्रता के साथ प्राप्त नहीं हुआ।

खुशहाल देश और समाज वही माना जाता है, जहां लोग निजी उद्यम से अपने गुजर-बसर संबंधी सुविधाएं जुटाते हैं। खैरात पर जीने वाला समाज विपन्न ही माना जाता है। लोग भी यही चाहते हैं कि उन्हें कुछ करने को काम मिले। इसी से उन्हें संतोष मिलता है। मगर हकीकत यह है कि देश में नौकरियों की जगहें और रोजगार के नए अवसर लगातार कम होते गए हैं। सरकारों की तरफसे ऐसे अवसरों को बढ़ाने के व्यावहारिक प्रयास न होने की वजह देश एवं प्रांत समग्र एवं चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर नहीं हो पाते हैं। सरकारें अपनी इस नाकामी एवं कमजोरी पर पर्दा डालने के लिए मुफ्त सहायता देने की परंपरा विकसित कर ली है। चाहे वह मुफ्त राशन हो, बेरोजगारी भत्ता हो या फिर महिलाओं को वजीफा हो, मुक्त बिजली-पानी हो, मुफ्त चिकित्सा हो, मुफ्त यात्रा हो, पुजारियों, मौलवियों एवं ग्रंथियों को मुफ्त वेतन हो- इस मामले में किसी भी राजनीतिक दल की सरकार पीछे नहीं है। अब तो इस मामले में जैसे एक-दूसरे को पछाड़ने की होड़-सी नजर आने लगी है। सवाल है कि सरकारें इस पहलू पर कब विचार करेंगी कि हर हाथ को काम मिले, रोजगार बढ़े, स्वरोजगार की स्थितियां बने। इस तरह देश साधन-सम्पन्न लोगों में मुफ्तखोरी की आदत डालना सही नहीं है। मुफ्तखोरी की राजनीतिक से लोकतंत्र को खतरा हो सकता है और इससे देश का आर्थिक बजट लडखड़ाने का भी खतरा है।

**( ये लेखक के विचार हैं )**


# देश में बेरोजगारी की दर चिंताजनक

शशि झा

बेरोजगारी का मुद्दा 2014 से ही, जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार केंद्र में सत्तासीन हुई, नासूर बनता रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था के तेजी से बढने के बावजूद बेरोजगारी को लेकर विपक्षी दल भी लगातार हमलावर रहे हैं, और सरकार अक्सर बचाव की मुद्रा में खड़ी नजर आई है। सरकार का दावा है कि स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसी उसकी नीतियों और कार्यक्रमों या अंतरिक्ष और रक्षा सेक्टरों में सुधार के केंद्र में महिलाओं समेत देश की युवा आबादी है पर सरकारी आंकड़े ही उसके दावों की पोल खोलते नजर आते हैं। नवम्बर के आखिर में लोक सभा में एक प्रश्न के उत्तर में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने बताया कि वित्त वर्ष 2013-24 में भारत में 15-29 वर्ष के युवाओं के बीच बेरोजगारी दर 10.2 फीसद थी।

विडंबना यह है कि एक तरफ जहां देश में बेरोजगारी की दर चिंताजनक है, वहीं केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों में लाखों रिक्तियां खाली पड़ी हैं, जिन्हें भरा नहीं जा रहा है। इनमें इसरो, रेलवे, गृह मंत्रालय जैसे अहम मंत्रालय और विभाग भी शामिल हैं। सुरक्षा ढांचा और इससे जुड़े बलों में बड़े स्तर पर पदों को न भरे जाने की वजह से पिछले दिनों संसद की सुरक्षा में सेंध लगने की भी खबरें आईं। बेरोजगारी की समस्या के इतने गंभीर होने के बावजूद रिक्तियों को भरने की जगह बड़ी संख्या में सरकारी विभागों में निम्न श्रेणी में संविदा पर कर्मचारियों जबकि वरिष्ठ पदों पर सलाहकारों की भर्ती से काम चलाया जाता है।

सरकार बेशक, दावा करती रही है कि पदों का रिक्त होना और उन्हें भरा जाना निरंतर प्रक्रिया रही है, और उनके विवरण संबंधित मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (एसएससी), रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड (आरआरबी), इंस्टीच्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सेलेक्शन (आईबीपीएस) आदि जैसी संबंधित रिक्रूटमेंट एजेंसियों के पास होते हैं। सरकार समय-समय पर और समयबद्ध




तरीके से मिशन मोड में उन्हें भरने के लिए मंत्रालयों और विभागों को निर्देश देती रहती है, और इसी क्रम में उन्हें भरने के लिए रोजगार मेलों का देश के अलग-अलग राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में आयोजन करती रहती है।

हाल में आरटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार, देश के लगभग 80 विभागों में लगभग 10 लाख से अधिक पद रिक्त हैं। इनमें इसरो, रेलवे, गृह मंत्रालय जैसे अहम मंत्रालय और विभाग शामिल हैं। गौरतलब है कि भारत विविध प्रकार के श्रम बलों के साथ दुनिया की सबसे बड़ी जनसंख्याओं में से एक है, पर बेरोजगारी दर भारतीय अर्थव्यवस्था को व्यय, आर्थिक वृद्धि, रोजगार के अवसरों आदि में कमी जैसे कई प्रकार से प्रभावित करती रही है। जाहिर है कि अगर बेरोजगारी दर अधिक है, तो इससे आर्थिक प्रगति में बाधा पहुंचती है, और इसकी वजह से सामाजिक अशांति भी फैल सकती है जबकि अगर बेरोजगारी दर कम है, तो इससे उन्नतिशील रोजगार बाजार और बढ़ती अर्थव्यवस्था का संकेत मिलता है।

देश के नीति-निर्धारकों का फोकस रोजगार सृजन और आर्थिक प्रगति के लिए रणनीतियां बनाने पर रहता तो है पर उसके ज्यादा सार्थक परिणाम निकलते दिखाई नहीं दे रहे। उदाहरण के तौर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में आवश्यक पदों पर रिक्तियों की कमी तत्काल और विशिष्ट स्वास्थ्य देखभाल से लोगों को वंचित रखती है। सरकारी अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में लगभग 50 प्रतिशत रिक्त रहने का अनुमान है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो यह कमी और भी अधिक है, जहां 80 प्रतिशत तक पद रिक्त पड़े हैं। यही वजह है कि हमारी ग्रामीण आबादी को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर तक बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। राज्य सभा में रेल मंत्री अिनी वैष्णव द्वारा दिए गए एक उत्तर के अनुसार, भारतीय रेल में 2.5 लाख से भी अधिक पद खाली पड़े हैं। जाहिर है कि इतने सारे पदों के रिक्त रहने से सुविधाएं भी प्राप्त नहीं होतीं और यात्रियों की सुरक्षा भी हमेशा सांसत में बनी रहती है। देश के विभिन्न न्यायालयों में पांच करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं जबकि न्यायाधीशों के हजारों पद रिक्त हैं। यही वजह है कि मामलों के निपटान में सालों लग जाते हैं। गृह मंत्रालय में सीआरपीएफ, बीएसएफ और दिल्ली पुलिस सहित विभिन्न संगठनों में लाख से अधिक पद रिक्त बताए जाते हैं। ये रिक्तियां हजारों की संख्या में ए, बी और सी जैसे विभिन्न ग्रुपों में हैं।

त्रासदी यह है कि जहां देश के युवाओं में सरकारी नौकरियां पाने की मारामारी है, लगभग सभी सरकारी विभागों में बड़े पैमाने पर पद खाली पड़े हुए हैं, जिससे देश की दक्षता और कुशलता प्रभावित हो रही है। देश में नौकरी न मिलने के कारण युवा इस्त्रइल और दूसरे युद्ध प्रभावित देशों में रोजगार के लिए जाने और अपनी जान को दांव पर लगाने के लिए मजबूर हैं। सरकार की कोशिश कृषि के आधुनिकीकरण, ग्रामीण बुनियादी ढांचा विकास तथा ग्रामीण उद्योगों के लिए कौशल प्रशिक्षण जैसी ग्रामीण विकास संबंधी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने के द्वारा इन क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाओं में वृद्धि करने की है। सरकारी व्यय में वृद्धि, निजी निवेश को बढ़ाने, निजी-सार्वजनिक भागीदारी (पीपीपी) को प्रोत्साहित करने, व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने, शिक्षा और कौशल में बढ़ोतरी करने, खुद की व्यावसायिक क्षमता विकसित करने और प्रौद्योगिकी विकास पर फोकस करने के जरिए भी बेरोजगारी को कम किया जा सकता है।

पदों के व्यापक स्तर पर रिक्त रहने के कारण सरकार के मंत्रालयों और दूसरे विभागों में वर्तमान कर्मचारियों के पास पहले से ही इतने अतिरिक्त काम हैं कि उनसे दक्षता की उम्मीद करना बेमानी है। पद रिक्त न रहें, इसके लिए भर्ती प्रक्रिया को युक्तिसंगत बनाने की आवश्यकता है ताकि तत्काल कार्रवाई करते हुए पदों के रिक्त होते ही उन्हें भरा जा सके।

**( ये लेखक के विचार हैं )**

# विपक्ष को भी वाक्य की गांठ बांधनी होगी कि 'बंटोंगे तो कटोगे'

अजीत द्विवेदी

दुनिया भर में अंग्रेजी शब्दकोष के लिए वर्ष के शब्द चुने जाते हैं। जैसे ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने 'ब्रेन रॉट' को वर्ष का शब्द चुना है। जब से इसे वर्ष का शब्द चुना गया है, इसके बारे में जानने के लिए करोड़ों लोगों ने इसे सर्च किया। भले ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने इसे वर्ष 2024 का शब्द चुना लेकिन असल में यह शब्द समकालीन समय की वास्तविकताओं का प्रतीक शब्द है। जिस तरह से सोशल मीडिया का कंटेंट देखने पर अरबों घंटे बरबाद हो रहे हैं उससे औसत दिमाग सड़ जाने की स्थिति में ही पहुंच गया है।

'ब्रेन रॉट' यानी दिमागी सड़ांध ही वह कारण है, जिसकी वजह से निहित स्वार्थों द्वारा मिसइन्फॉर्मेशन और डिसइन्फॉर्मनेशन कैम्पेन चला कर लोगों के दिमाग को आसानी से प्रभावित किया जा रहा है। मरियम वेबस्टर डिक्शनरी ने वर्ष 2024 के लिए 'पोलराइजेशन' को वर्ष का शब्द चुना है। उसने वैसे तो अमेरिका के राष्ट्रपति के चुनाव में नस्ल के आधार पर हुए ध्रुवीकरण की वजह से इसे वर्ष का शब्द चुना है। लेकिन कहने की जरुरत नहीं है कि भारत के चुनाव और रोजमर्रा की राजनीति के लिहाज से भी यह बहुत उपयुक्त शब्द है। कह सकते हैं कि मरियम वेबस्टर डिक्शनरी का इस वर्ष का शब्द भारत की पिछले कई वर्षों की राजनीतिक हकीकत को प्रकट करने वाला है।

ऐसे ही कैम्ब्रिज डिक्शनरी ने 'मैनिफेस्ट' को वर्ष का शब्द चुना है। यह भारत की वास्तविकताओं के लिए यह थोड़ा अनजाना शब्द है क्योंकि यहां कुछ भी मैनिफेस्टेड नहीं होता है यानी बहुत योजनाबद्ध तरीके से सब कुछ तय करके कुछ नहीं किया जाता है। यहां ज्यादातर चीजें भगवान भरोसे होती हैं। इस सनातन मान्यता को तुलसीदास ने 'होइहे सोई जो राम रचि राखा' के दोहे से प्रतीकित किया है। कह सकते हैं कि यहां लोगों का जीवन और कामकाज नियति की 'मैनिफेस्ट' करती है।

दुनिया में वर्ष के शब्दों की तलाश के बारे में पढ़ते हुए मन में यह सवाल उठा कि इस वर्ष भारत में कौन सा शब्द या कौन सी बात ऐसी है, जिसे वर्ष की बात कह सकते है? तीन शब्दों से बना यह जुमला कि 'बंटोंगे तो कटोगे', वर्ष 2024 की भारत की बात है। यह जुमला एक खास संदर्भ में कहा गया है। इसके जरिए देश के हिंदुओं से आह्वान किया गया है कि उन्हें एकजुट रहना है ताकि उनके चिन्हित 'दुश्मन' यानी मुसलमान उनको काट नहीं सकें। इस शाब्दिक अर्थ से अलग इसका भावार्थ यह है कि, 'भाजपा को वोट दें'। वर्ष 2024 में विपक्ष की राजनीति व्यापक एकजुटता के साथ शुरू हुई थी। उस समय तक यह जुमला बोला नहीं गया था। लेकिन विपक्ष ने समझ लिया था कि 'एक रहेंगे तभी सेफ रहेंगे'। दस साल के नरेंद्र मोदी के शासन और भाजपा की राजनीति ने उन्हें यह सीख दी थी कि वे एक हो जाएं और मिल कर भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ें। अगर अवधारणा के स्तर पर देखें तो इसमें नयापन नहीं था। आखिर 1977 में भी विपक्ष ने एकजुट होकर इंदिरा गांधी को हराया था या 1989 में भी एकजुट विपक्ष ने राजीव गांधी को सत्ता से बाहर किया था।


परंतु ऐसा लग रहा है कि विपक्ष इस राजनीतिक सबक को भूल चुका था। 2014 के बाद 10 सालों में जिस तरह की राजनीति हुई और उसके जो परिणाम आए उसने विपक्षी पार्टियों को फिर से एकजुट किया। यहां तक कि राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ ने भी इस जुमले के साथ होने वाली राजनीति पर सैद्धांतिक मुहर लगा दी है। भाजपा की सहयोगी पार्टियों में भी एकाध अपवाद को छोड़ कर सबने कमोबेश इसे स्वीकार कर लिया है। 'बंटोंगे तो कटोगे' जुमले का अर्थ वेबस्टर डिक्शनरी के 'ध्रुवीकरण' शब्द से ज्यादा व्यापक है। ध्रुवीकरण वक्ती होता है। वह थोड़े समय के लिए होता है। किसी व्यापक और ऐतिहासिक खतरे से बचने के लिए एकजुट होने का आह्वान उससे आगे की चीज है। यह कुछ कुछ कंसोलिडेशन यानी समेकन की तरह है।

विपक्षी पार्टियों को भी इस जुमले के अर्थ और अभिप्राय को समझने की जरुरत है। उनके लिए एकजुटता का अर्थ चुनावी जीत तक सीमित है। उसका कोई सांस्कृतिक, सामाजिक या धार्मिक आयाम नहीं है। इसलिए जैसे ही चुनाव खत्म हुआ है उनकी एकता टूटने लगी है। वे जीत या हार के चुनावी नतीजे को अपने और अपनी पार्टी के राजनीतिक हित के हिसाब से देखते हैं और फिर इस आधार पर व्याख्या करते हैं कि एकजुटता से उनको कितना फायदा हुआ और दूसरे लोगों ने कितना लाभ उठाया। अगर विपक्षी पार्टियां 'बंटोंगे तो कटोगे' जैसे वर्ष 2024 के सूत्र को अर्थ और अभिप्राय यानी 'लेटर एंड स्पिरिट' में नहीं लेंगी तो उनके लिए आगे की राजनीति मुश्किल होती जाएगी। उनको समझना होगा कि आने वाले अनेक वर्षों तक भाजपा की राजनीति इस सूत्र वाक्य के आधार पर चलेगी। भाजपा को बहुसंख्यक हिंदुओं को इतिहास याद दिला कर यह संदेश स्थापित करना है कि 'बंटोंगे तो कटोगे'। विपक्ष को इस संदेश और इससे बनने वाले नैरेटिव के बरक्स अपना एक विमर्श स्थापित करने की चुनौती है और इस चुनौती का मुकाबला करने की प्राथमिक शर्त एकजुटता है। यानी विपक्ष को भी इस सूत्र वाक्य की गांठ बांधनी होगी कि 'बंटोंगे तो कटोगे'।













प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करें
Mob.-:
9303289950
7987166110



# श्रीकंचनपथ
भिलाई–दुर्ग

ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-
• TDS रिफंड •GST रजिस्ट्रेशन • इनकम TAX फाइल
• प्रोजेक्ट रिपोर्ट •MSME रजिस्ट्रेशन • GST रिटर्न फाइल
• CMA DATE •फूड लाइसेंस • BALANCE SHEET
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
संपर्क : शेखर गुप्ता, मो. 93007-55544, 8878655544
D-6 सेक्टर-2, गुरूद्वारा के सामने देवेन्द्र नगर रायपुर



## खास खबर

### निगम भिलाई एवं रिसाली क्षेत्र में आज व कल पेयजल आपूर्ति पूर्णतः बाधित रहेगी

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के 66 एम.एल.डी. जलशोधन संयंत्र से निगम भिलाई एवं रिसाली क्षेत्र में जलप्रदाय किया जाता है। 66 एम.एल.डी. जलशोधन संयंत्र के नगर निगम भिलाई क्षेत्र में स्थित उच्चस्तरीय जलागार को भरने वाली राईजिंग पाईप लाईन यातायात पुलिस थाना नेहरू नगर के परिसर में लिकेज हो गया है। जिसके कारण 24 घंटे पानी का बहाव हो रहा है। पाईप लाईन 800 एम.एम. डाया का होने के कारण संधारण में लगभग 24 घंटे लगने की संभावना है। पाईप लाईन संधारण हेतु आवश्यक सामग्री संग्रहित कर ली गई है। पाईप लाईन संधारण दिनांक 03.01.2025 को किया जायेगा। जिससे दिनांक 04.01.2025 एवं 05.01.2025 को नगर निगम भिलाई के नेहरू नगर, स्मृति नगर, फरीद नगर, स्लाटर हाउस, खहरिया एवं नगर निगम रिसाली के रूआबांधा, नेवई, मरोदा, रिसाली उच्चस्तरीय जलागारों में जलप्रदाय पूर्णतः बाधित रहेगी। संधारण कार्य पूर्ण होने पश्चात पूर्व की भांति जल प्रदाय किया जायेगा।

### स्वच्छता पर ध्यान,गंदगी फैलाने वाले 8 लोगों पर लगाया जुर्माना

**दुर्ग।** स्वच्छता सर्वेक्षण के मद्देनजर नगर निगम प्रशासन द्वारा सफाई पर फोकस किया जा रहा है।निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की नियमित हो रही मॉनिटरिंग।इस क्रम में निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने वार्ड 54 पोटिया इलाके का निरीक्षण किया। इस दौरान होटल व पान ठेला दुकानदार द्वारा नाली व सड़क पर गंदगी फैलाए जाने के कारण 8 लोगो से 200-200 कुल 1600 रुपये जुर्माने की कार्रवाही की गई। साथ ही दुकान के बाहर किनारे कचरा फैलाने पर भी जुर्माना की कार्रवाई की गई। इस तरह चार दुकानदारों पर जुर्माना लगाया गया। निगम कमिश्नर अग्रवाल के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी शहर के वार्ड 54 पोटिया क्षेत्र में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।कार्रवाही के दौरान स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने दुकानदारों को नियमित रूप से साफ-सफाई रखने और गीला-सूखा कचरा अलग-अलग कर देने की समझाइश दी।

### कर्मचारी घर-घर जाकर बना रहें है बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड, 98 वर्ष बुजुर्ग का बनाया आयुष्मान कार्ड

**दुर्ग।** शहर में घर घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पात्र जरूरतमदों तक पहुंचाना है। नगर निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल द्वारा घर-घर आयुष्मान कार्ड शिविर आयोजन को प्रभावी बनाने के लिए दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन व मितानिनों की टीम सहित अन्य कर्मचारियों की टीम गठित की गई है। यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी पात्र हितग्राही इन योजनाओं से दूर न रहे। बुजुर्ग एवं असमर्थ लोगों को उनके घर जाकर योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए हैं। कसारीडीह निवासी अवधर्षम चन्द्राकर 98 साल के बुजुर्ग के घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

# कलेक्टर ने धान संग्रहण केन्द्र अरसनारा का किया निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने अरसनारा के धान संग्रहण केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अरसनारा में स्थित सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक एवं किसानों से चर्चा की। संग्रहक केंद्र में अब तक 6887 मेट्रिक टन भण्डारण हुआ है। बेमेतरा, कवर्धा, खैरागढ़ जिलों की समितियों से भी धान लाया जा रहा है।

कलेक्टर चौधरी ने स्टेकों को ढ़ककर रखने, पानी निकासी हेतु नाली की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। उन्होंने हमालों की टोली को 5 से बढ़ाकर 7 करने कहा। प्रतिदिन आ रही गाड़ियों को तुरंत खाली करने की व्यवस्था करने व स्टेक प्लान के अनुसार ही भण्डारण करने के निर्देश दिए।

**धान उपार्जन केंद्र ननकट्ठी का भी लिया जायजा:** कलेक्टर सुश्री चौधरी ने धान उपार्जन केन्द्र ननकट्ठी का भी अवलोकन किया। केंद्र के प्रबंधक ने बताया कि अब तक लगभग 800 किसान 40164 क्वि. धान बेच चुके है। कुल 25930 किलो धान का उठाव हो चुका है। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने ननकट्टी केंद्र में नये स्टाक का चुनाव करके केन्द्र बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने समय समय पर धान की आद्रता एवं गुणवत्ता का जांच कर खरीदी करने को कहा।

ग्राम कृषि विस्तार अधिकारी एवं प्रभारी को रोज की धान आवक की स्टेकिंग करने एवं गुणवता की जांच करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी खाद्य नियंत्रक टी.एस. अत्री, डी.एम.ओ. भौमिक बघेल व अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिला दण्डाधिकारी ने दो लोगों को किया जिला बदर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिला दण्डाधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) (ख) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अजय दुबे आ. स्व. लवकुश दुबे पचरी पारा दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग और इन्द्रजीत उर्फ नेपाली पिता महेश सिंह संधू निवासी कान्ट्रेक्टर कालोनी सुपेला तहसील व जिला दुर्ग को एक वर्ष की अवधि तक जिले की सीमावर्ती जिलों की सीमाओं से बाहर रहने आदेशित किया है।

जिला दण्डाधिकारी चौधरी ने पुलिस अधीक्षक दुर्ग के प्रतिवेदन पर अजय दुबे और इन्द्रजीत उर्फ नेपाली के अपराधिक आचरण एवं प्रवृत्ति पर नियंत्रण किए जाने तथा आम जनता में अमन-चैन और कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनहित में अजय दुबे आ. स्व. लवकुश दुबे पचरी पारा दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग और इन्द्रजीत उर्फ नेपाली पिता महेश सिंह संधू निवासी कान्ट्रेक्टर कालोनी सुपेला तहसील व जिला दुर्ग को राजस्व जिला दुर्ग एवं उसके सीमावर्ती जिले रायपुर, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं धमतरी जिले की सीमाओं से आदेश तिथि 31 दिसंबर 2024 से एक सप्ताह के भीतर बाहर चले जाने कहा है। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार आदेश तिथि से एक वर्ष की अवधि तक उक्त जिलों की सीमाओं में जिला दण्डाधिकारी के आदेश के बिना अजय दुबे एवं इन्द्रजीत उर्फनेपाली प्रवेश नहीं कर सकेंगे। ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार आरोपी अजय दुबे पिता स्व. लवकुश दुबे थाना दुर्ग क्षेत्र का आदतन अपराधी है। इनके विरूद्ध थाना दुर्ग में अपराधिक गतिविधियों से संबंधित विभिन्न धाराओं में 16 प्रकरण दर्ज है। इसी प्रकार इन्द्रजीत उर्फनेपाली पिता महेश सिंह संधू भी थाना सुपेला क्षेत्र का आदतन अपराधी है। इनके विरूद्ध थाना सुपेला में विभिन्न अपराधिक गतिविधियों से संबंधित 15 प्रकरण दर्ज है। ये दोनों अत्यंत क्रूर प्रवृत्ति के है एवं इनके आतंक से लोग भयभीत होकर दहशत में है। इनके विरूद्ध लोगों के द्वारा गवाही देने में जान का खतरा बना रहता है।

# नए वर्ष पर इन्दर चंद सुराना व अन्नपूर्णा बेन राठौर ने किया देहदान की घोषणा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नए वर्ष के पहले दिन ऐसा कार्य किया जाए जो हमेशा याद रहे और औरों को प्रेरित व जागरूक करे ऐसी सकारात्मक सोच के साथ दुर्ग के प्रतिष्ठित समाज सेवी इन्दर चंद सुराना जी व गुजरती समाज की अन्नपूर्णा बेन राठौर ने नए वर्ष के पहले दिन अपने देहदान की घोषणा की दुर्ग शहर के प्रतिष्ठित समाज सेवी इन्दर चंद सुराना जी ने आज नए वर्ष के उपलक्ष्य पर अपने देहदान की घोषणा कर देहदान की वसीयत नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य कुलवंत भाटिया,राज आढ़तिया,रितेश जैन, मंगल अग्रवाल,सुरेश जैन,दयाराम भाई टाँक को सौंपी।

इन्दर चंद सुराना जी के पोते अक्षत सुराना व बहु सुनीता सुराना वसीयत के साक्षि बने श्री इन्दर चंद सुराना के पुत्र आलोक सुराना, अतुल सुराना व् पुत्री डॉ आरती सुराना ने देहदान हेतु सहमति दी।

इन्दर चंद सुराना जी ने कहा वह बहुत दिनों से देहदान करने की इच्छा उनके मन में थी और आज 2025 का पहले दिन यह शुभ कार्य कर उनका यह वर्ष यादगार हो गया भविष्य में भी जहाँ समाज को हमारी जरुरत होगी हम उपलब्ध रहेंगे। मंगल अग्रवाल ने कहा सुराना परिवार ने दुर्ग शहर में बहुत से समाजिककार्य किए हैं सुराना कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय हेतु भी सुराना परिवार ने सहयोग किए हैं इन्दर चंद सुराना जी के देहदान के निर्णय से समाज में देहदान व् नेत्रदान हेतु जागरूकता बढ़ेगी।

संतराबाड़ी निवासी अन्नपूर्णा बेन राठौर जी ने भी आज नए वर्ष के उपलक्ष्य पर अपने देहदान की घोषणा कर देहदान की वसीयत नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य कुलवंत भाटिया,राज आढ़तिया,रितेश जैन,सुरेश जैन,दयाराम भाई टाँक को सौंपी। अन्नपूर्णा बेन राठौर के पुत्र परेश राठौर,पुत्री नंदा भंडारी ने देहदान हेतु सहमति दी उषा बेन टांक व् दयाराम भाई टांक वसीयत के साक्षी बने। अन्नपूर्णा बेन ने कहा अब मेरे जाने के बाद दो लोगों को मेरी नेत्र ज्योति मिलेगी व मेरी मृत्यु के बाद मेरा शरीर मेडिकल के छात्रों की रिसर्च हेतु काम आएगा इस एहसास से मेरा जीवन सार्थक हो गया।

# राजहरा माइंस अस्पताल में व्यापक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज




**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के राजहरा माइंस अस्पताल ने 1 जनवरी 2025 को एक व्यापक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया, जिसमें राजहरा के स्थानीय समुदाय को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करने के लिए बीएसपी के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें विभाग के वरिष्ठ डॉक्टरों और विभिन्न स्वास्थ्य विशेषज्ञों को एक साथ लाया गया।

इस पहल का उद्देश्य विशेषज्ञ चिकित्सकीय देखभाल और परामर्श के साथ, स्थानीय समुदाय की चिकित्सा संबंधी विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु विशेषज्ञों की एक विस्तृत श्रृंखला को सुनिश्चित करना था। इस नि:शुल्क चिकित्सा शिविर हेतु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें विभाग और जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र की टीम का नेतृत्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें) डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर और विशेषज्ञ डॉक्टरों ने किया। इस शिविर में कार्डियोलॉजिस्ट डॉ सी के दास, (आंतरिक चिकित्सा विभाग) डॉ प्रमोद बिनायक, (बाल रोग विभाग) डॉ सुबोध साहा, (चर्म रोग विभाग) डॉ पी मर्सी, (नेत्र विज्ञान विभाग) डॉ अशोक कुमार, (अस्थि विज्ञान विभाग) डॉ इमैनुएल मस्से, (ईएनटी विभाग) डॉ अश्विन जायसवाल, (स्त्री रोग विभाग) डॉ प्रभदीप कौर, (सर्जरी विभाग) डॉ धीरज शर्मा, (दर्द प्रबंधन क्लिनिक) डॉ शिखा अग्रवाल, (सहायक प्रबंधक, नर्सिंग) सुनीता साहू, (स्टाफ नर्स, आहारविज्ञान) श्रीमती सुरजा जयप्रसाद, (जूनियर एमटी, फिजियोथेरेपिस्ट) विकास पांडे, डीएनबी (अस्थि विज्ञान विभाग) डॉ अक्षय, डीएनबी (आंतरिक चिकित्सा विभाग) डॉ रवि, डीएनबी (स्त्री रोग विभाग) डॉ शरयु सहित जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र, भिलाई के विशेषज्ञ उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त, राजहरा मेडिकल हॉस्पिटल के वरिष्ठ परामर्शदाता एवं प्रभारी डॉ. मनोज डहरवाल तथा राजहरा माइंस हॉस्पिटल की उनकी टीम भी उपस्थित थी, जिन्होंने शिविर के सफल आयोजन में अपना योगदान दिया।

इस आयोजन में 550 से अधिक परामर्श दिए गए, जिससे स्थानीय समुदाय को महत्वपूर्ण स्वास्थ्य लाभ मिल सके। मरीजों को विभिन्न बीमारियों और चिकित्सा-स्वास्थ्य समस्याओं के लिए परामर्श, नैदानिक परीक्षण और उपचार प्रदान किए गए। इस शिविर में स्वास्थ्य सम्बन्धी शिक्षा सत्र भी आयोजित किए गए, जहां मरीजों को विभिन्न निवारक उपायों और जीवन शैली अपनाने के बारे में जानकारी प्रदान की गई। स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉक्टरों द्वारा 05 एलएसआई भी की गईं।

# बीएसएफ का आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रमः तीसरा जत्था कांकेर से लखनऊ रवाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। 16 वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत गुरुवार को कांकेर के अति दुर्गम एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से 20 आदिवासी युवा लड़के एवं 19 युवा लड़कियों के तीसरे जत्थे को रायपुर रेलवे स्टेशन से लखनऊ के लिए रवाना किया गया। सीमा सुरक्षा बल के 02 पुरूष सुरक्षा अधिकारी और 02 महिला सुरक्षा अधिकारी भी इनके साथ रवाना हुए।





ये जत्था लखनऊ में भारत के विभिन्न राज्यों के अन्य आदिवासी युवाओं से मिलकर अन्य राज्यों की संस्कृति से रूबरू होगा।इस कार्यक्रम के अंतर्गत आदिवासी युवक एवं युवतियों को उनके उज्ज्वल भविष्य तथा अधिकार के बारे में उचित व उपयुक्त जानकारी प्रदान की जायेगी, साथ ही साथ अन्य राज्यों से भाग लेने वाले युवक-युवतियों के बीच मेल-मिलाप बढ़ेगा, जिससे वे एक-दूसरे के खान-पान, रहन-सहन, सांस्कृतिक गतिविधियाँ एवं वेशभूषा से रूबरू होंगे। इस कार्यक्रम में सभी राज्यों के स्थानीय लोक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जायेगी। साथ ही लखनऊ के प्रसिद्ध, दर्शनीय एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

MY भारत (नेहरू युवा केन्द्र संगठन), नई दिल्ली, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं गृह मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में 16वाँ आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की अवधि 07 दिन है। छत्तीसगढ के कांकेर और नारायणपुर जिले में तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अति नक्सल प्रभावित इलाके से इस वर्ष कुल 13 भ्रमण कार्यक्रमों के अतंर्गत 18 से 22 वर्ष आयु वर्ग के 500 चयनित युवक एवं युवतियां भाग ले रहे है।

इस आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियों में संवैधानिक अधिकारियों और प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संवाद सत्र, पैनल चर्चा, व्याख्यान सत्र, भाषण प्रतियोगिता, कैरियर संबंधी मार्गदर्शन, चल रहे खेल आयोजनों के बारे में जानना शामिल है। इसके अलावा प्रतिभागी लखनऊ के उद्योगों एवं सुरक्षा बलों के कैम्पों का भ्रमण करेंगे। इस कार्यक्रम के तीसरे जत्थे को लखनऊ रवाना करते हुए कार्यवाहक महानिरीक्षक रमेश कुमार, उपमहानिरीक्षक एवं अजय अग्रवाल, उपमहानिरीक्षक (सामान्य), सीमा सुरक्षा बल सीमांत मुख्यालय (विशेष संक्रिया) भिलाई, छत्तीसगढ़ ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

# आयुक्त के निरीक्षण के दौरान नाली में कचरा डालते पाया, पहले साफ कराया उसके बाद लगाया जुर्माना

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र आज निरीक्षण के दौरान आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने देखा कि किराना दुकान के सामने एवं अन्य दुकान के सामने नाली में कचरा डाला गया है। प्लास्टिक पानी का गिलास, कुरकुरे, चिप्स, गुटका, पान का रैपर आदि का हाथ के पैकेट पानी पाउच नाली में पड़ा था।

जो उसे दुकानदार द्वारा बेचे गए ग्राहकों द्वारा फेंका गया था। वह अपने दुकान के सामने डस्टबिन भी नहीं रखा था। आयुक्त पहले सब साफ करवाये, उसके बाद कार्रवाई के निर्देश दिए। जोन क्रमांक 01 अंतर्गत नाली में कचरा डालने एवं प्रतिष्ठान में डस्टबिन नहीं पाये जाने वालो पर कार्यवाही की गई। वार्ड क्रं. 17 नेहरू भवन एवं वार्ड क्रं 18 कान्ट्रेक्टर कालोनी क्षेत्र का निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान दुकानदार संचालको द्वारा सिगलयूज प्लास्टिक रखने एवं अनुज्ञप्ति लाईसेंस नहीं रखने वालो पर कार्यवाही की गई। प्रमुख रूप से शासकीय उचित मूल्य दुकान, राजकुमार साहू, आकाश कुमार गुप्ता, अर्जुन साव, देव टेलर्स एवं रूखमणी देवी वालो पर चालानी कार्यवाही करते हुए कुल 4600 रूपये अर्थदण्ड वसूला गया।

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने अधिकारियो को निर्देश दिए है, कि जो भी व्यापारी सिंगलयूज प्लास्टिक में खादय सामग्री विक्रय कर रहे है या व्यवसाय परिसर, फल ठेला के आस-पास गंदगी फैला रहे है या फिर गीला एवं सूखा कचरे को अलग-अलग डस्ट बिन में नही डाल रहे है।

उनके पास जाकर उनसे चालानी कार्यवाही कर अर्थदण्ड वसूला जाए। व्यापारियो को बार-बार समझाइस देने के बाद भी कचरा पृथक कर नहीं दे रहे है एवं सिंगलयूज प्लास्टिक पर खादय पदार्थ बेच रहे है, और शहर की साफ-सफाई में जो व्यापारी सहयोग नही कर रहे है। उन पर अर्थदण्ड की कार्यवाही लगातार की जा रही है।

कार्यवाही के दौरान जोन प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, कमलेश द्विवेदी, संतोष हरमुख आदि उपस्थित रहे।

### कर वसूली अमला को स्पष्ट निर्देश, ढिलाई कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी

**दुर्ग।** कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश पर राजस्व विभाग कमरा नंबर 3 में राजस्व अधिकारी आरके बोरकर द्वारा पदभार लेते ही एक्शन मोड़ पर दिखे। उन्होंने बैठक में समस्त सहायक राजस्व निरीक्षकों व राजस्व उप निरीक्षकों की ली क्लाश।कर वसूली की समीक्षा की।साथ ही बड़े बकायेदारों से कड़ाई कर करों की वसूली के निर्देश दिए।राजस्व अधिकारी आरके बोरकर ने वार्डवार वसूली एवं डिमांड की जानकारी लेकर डिमांड के विरूद्ध वसूली करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सहायक राजस्व निरीक्षकों की डिमांड के विरूद्ध मकान की संख्या एवं सम्पत्ति करदाता के संबंध में मांग पंजी से मिलान करें।

मेट्रो
सूट स्पेशलिस्ट टेलर्स
शॉप नं. 271, सी-मार्केटसेक्टर-6, भिलाई
मो. : 9993982019 . 9424106199

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Premier sales: 8959493000
A Leela Electronics: 9425507772
Reena Electronics: 9329132299
Shree Electronics: 7000827361
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### सांसद बृजमोहन से अग्निवीर हितेश ने की मुलाकात

**रायपुर।** रायपुर निवासी और भारतीय सेना के गौरवशाली अग्निवीर हितेश साहू ने गुरुवार को सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात की। हितेश साहू अपनी ट्रेनिंग पूरी कर चुके है और बीकानेर, राजस्थान में पहली पोस्टिंग मिली है, जहां रवाना होने से पहले उन्होंने सांसद बृजमोहन से मुलाकात कर अपनी सेवाओं और अनुभवों के बारे में जानकारी साझा की और देश की सेवा में अपना योगदान देने के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अग्निवीर हितेश साहू के साहस और देशभक्ति की सराहना की। उन्होंने कहा, अग्निवीर योजना भारतीय सेना और देश के युवाओं के लिए एक दूरदर्शी कदम है। इस योजना के माध्यम से न केवल सेना को युवा, उत्साही और तकनीकी रूप से सक्षम सैनिक मिल रहे हैं, बल्कि युवाओं को अनुशासन, कौशल और सेवा का अद्वितीय अवसर भी प्राप्त हो रहा है। हमारे युवाओं का सेना में योगदान न केवल उनके परिवारों के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात है। हितेश जैसे युवा हमारे देश की सुरक्षा के मजबूत स्तंभ हैं।

### नेशनल पावर लिफ्टिंग का उदघाटन

**रायपुर।** वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग इंडिया एसोसिएशन ऑफ छग एवं रायपुर डिस्ट्रिक्ट बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में 3 से 5 जनवरी को नेशनल पावर लिफ्टिंग




चैंपियनशिप का आयोजन बूढ़ेश्वर मंदिर भवन बूढ़ा तालाब में किया गया है। जिसका उदघाटन मुख्य अतिथि दक्षिण विधान सभा रायपुर के विधायक सुनील सोनी करेंगे। विशेष अतिथि नगर निगम रायपुर के पार्षद कामिनी देवांगन, सरपंच पाटन श्रवण ठाकुर, किशोर महानंद, महामंत्री बीजेपी रूपेश राहंगडाले उपस्थित रहेंगे।

5 जनवरी को बॉडी बिल्डिंग के पुरस्कार एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर लोक सभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विशेष अतिथि संजय शर्मा वीर हनुमान सिंह अवॉर्डी, जैतू साव मठ के अध्यक्ष रेवाराम यदु, दत्तात्रेय मंदिर के अध्यक्ष हरिवल्लभ अग्रवाल, बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के आजीवन अध्यक्ष शिव मोहन शुक्ला एवं वरिष्ठ बॉडी बिल्डर कांग्रेस नेता दिलीप सिंह चौहान होंगे। उक्त जानकारी पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार ने दी।

### बढ़ते कदम व विश्व सिंधी सेवा संगम के शिविर में 153 ने किया रक्तदान

**रायपुर।** दुआ करने से बेहतर है किसी की मदद करना.. यह कहावत उस समय सही साबित हुआ जब न्यू ईयर के अवसर पर बढ़ते कदम एवं विश्व सिंधी सेवा संगम के द्वारा आशीर्वाद ब्लड बैंक के सहयोग से मरीन ड्राइव तालाब में दो दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जहां 153 लोगों ने रक्तदान कर दूसरों के जीवन को बचाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

रक्तदाता विशाल राजानी ने इस अवसर पर कहा कि आज के दिन हम सभी के लिए नया जीवन देने वाला होगा क्योंकि हमारे छोटे से प्रयास से दूसरों के जीवन में नई उम्मीद जगाएगा। जीवन देना और लेना तो ऊपर वाले के हाथों में हैं लेकिन हमारा जीवन किसी के काम आ जाये इससे बढ़ कर इस जीवन में और कुछ नहीं हो सकता है। हम खुशनसीब हैं जो हमें यह सौभाग्य पर्याप्त हुआ है कि हम अपना रक्त दान कर किसी परिवार का चिराग बुझने से बचा सके। रक्तदान करने वाले महान आत्मा हैं जो दूसरों की जिंदगी को बचाने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

बढ़ते कदम एवं विश्व सिंधी सेवा संगम द्वारा रक्तदाताओं को रक्तदान करने के बाद प्रमाण पत्र एवं ब्रांडेड ब्लूटूथ नेकबैंक के द्वारा उपहार स्वरूप दिया गया। इस अवसर मुख्य रूप से भरत इसरानी, विशल राजानी, पैलाश अठवानी, अमन वाधवानी, रितेश जेठवानी, सुनील छतवानी, बंटी जुमनानी, यथार्थ गुरुबक्षणि, राजू तारवानी, कमल राजवानी, नन्दलाल मुलवानी, जय बजाज, प्रेमप्रकाश मन्ध्यानी, प्रदीप सिहानी, सुनील पेशवानी, धनेश मटलानी, शंकर आसुदानी उपस्थित थे।

# साइबर क्राइम पर नियंत्रण पाने के लिए सभी स्कूलों में लगाए जाएंगे कैंप

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज साइबर क्राइम पर नियंत्रण पाने के लिए राजधानी के सभी स्कूलों में कैंप लगाकर छात्र-छात्राओं को सभी तरह के साइबर क्राइम से बचाने, मोबाइल के सुरक्षित उपयोग की जानकारी के माध्यम से जागरूक कर ठगी से बचने और साइबर अपराधियों पर अंकुश लगाने कैंप लगाकर इस अभियान की शुरुआत कर रहा है। छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज द्वारा साइबर क्राइम जागरूकता अभियान का एक पोस्टर जारी किया गया है जिसका विमोचन रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरीश कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया। इस



साइबर क्राइम जागरूकता अभियान में छत्तीसगढ़ पुलिस का भी योगदान रहेगा। इस जन जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्र- छात्राओं को साइबर क्राइम से बचने की जानकारी देकर उन्हें अपने माता-पिता, रिश्तेदारों, पड़ोसियों के साथ-साथ अपने जान पहचान वालों, मोहल्ले के दुकानदारों, सब्जी वालों तक ठगों की जानकारी पहुंचाकर उन्हें साइबर ठगी से बचाने में सहयोगी बनने की भूमिका के लिए तैयार करना है। छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुखबीर सिंह सिंघोत्रा ने बताया कि हर सप्ताह शहर के प्रमुख स्कूलों में साइबर क्राइम जागरूकता कैंप लगाया जाएगा, जिसके तहत 3 जनवरी को खालसा स्कूल में इस साइबर क्राइम जागरूकता कैंप की शुरुआत की जा रही है।

छत्तीसगढ़ सिख समाज के साइबर क्राइम जागरूकता अभियान के पोस्टर का विमोचन करते हुए पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरीश कुमार मिश्रा ने कहा की छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज का यह अभियान सराहनीय है, छत्तीसगढ़ पुलिस आपके इस अभियान में आपके साथ है। साइबर क्राइम जागरूकता अभियान के पोस्टर विमोचन के दौरान छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुखबीर सिंह सिंघोत्रा, कुलदीप सिंह मोंगा, आतम सिंह मक्कड़ और सुरजीत सिंह छाबड़ा उपस्थित रहे।

# राजधानी रायपुर में नये मंडल रेल प्रबंधक के रूप में दयानंद ने किया पदभार ग्रहण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** गुरुवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर रेल मंडल के नये मंडल रेल प्रबंधक के रुप में दयानंद ने पदभार ग्रहण किया । दयानंद 1997 बैच के भारतीय रेलवे यातायात सेवा (इंडियन रेलवे ट्रैफिक सर्विस -IRTS) के अधिकारी हैं। दयानंद इससे पहले दक्षिण पूर्व रेलवे - कोलकाता में मुख्य वाणिज्य प्रबंधक फ्रेट एवं मार्केटिंग (सीसीएम -एफएम) (CCM/FM) के पद पर कार्यरत थे।



दयानंद का 1 जनवरी रायपुर आगमन हुआ। उन्होंने सीधे मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय पहुंचकर रायपुर रेल मंडल के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं पूर्व मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के साथ औपचारिक भेंट करने के पश्चात कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया । दयानंद ने सभी कर्मचारियों से शिष्टाचार मुलाकात कर कर्मचारियों से परिचय प्राप्त करते हुए सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी साथ ही उत्साह उमंग एवं विश्वास के साथ कार्य कर जनता एवं राष्ट्र सेवा के लिए आह्वान किया ।

दयानंद को भारतीय रेलवे के प्रमुख मंडलों में धनबाद एवं दीनदयाल उपाध्याय नगर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में वाणिज्य एवं माल लदान कार्य के गहन अनुभव के साथ कोलकाता महानगर में भी कार्य करने का अनुभव प्राप्त है । मंडल रेल प्रबंधक दयानंद अपनी रेल सेवा के दौरान पूर्व रेलवे - हावड़ा, पूर्व मध्य रेलवे - हाजीपुर एवं दक्षिण पूर्व रेलवे- हावड़ा में पदस्थ रहे । पूर्व मध्य रेलवे-हाजीपुर जोन के धनबाद एवं दीनदयाल उपाध्याय, समस्तीपुर, सोनपुर, मंडलो में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक एवं पूर्व मध्य रेलवे - हाजीपुर जोन में मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (फ्रेट एवं मार्केटिंग) और मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (यात्री सेवा) एवं पूर्व रेलवे - हावड़ा में मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (फ्रेट एवं मार्केटिंग) पदों पर पदस्थ रहें हैं ।

अपनी कार्यशैली के लिए कई बार रेलवे से पुरस्कृत हुए हैं। इनसीड (आईएनएसईएडी-INSEAD) बहु-परिसर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार स्कूल और अनुसंधान संस्थान से मलेशिया एवं सिंगापुर में ट्रेनिंग हुई है एग्जीक्यूटिव मैनेजमेंट ट्रेनिंग भी की है। सांस्कृतिक क्षेत्र में मंडल स्तर पर टीम का नेतृत्व किया है यह पर्यावरण प्रेमी भी है इन्हें हॉर्टिकल्चर में विशेष रुझान है साथ ही खेलकूद गतिविधियों में भी विशेष योगदान रहा है। इनकी प्रारंभिक शिक्षा रांची में सेंट जेवियर स्कूल से हुई है। स्नातकोत्तर शिक्षा किरोड़ीमल कॉलेज दिल्ली में हुई है ।

### हिमालय के शिखर पर लहराया छत्तीसगढ़ चैंपियंस लीग टी21 का ध्वज




**रायपुर।** आगामी फरवरी माह में प्रदेश भर में आयोजित होने वाली पेशेवर क्रिकेट प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ चैंपियंस लीग टी21 का ध्वज उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में स्थित हिमालय की खूबसूरत वासियों और ऊंची पर्वत श्रृंखला केदारकांठा के समिट प्वाइंट 4 हजार मीटर की ऊंचाई पर लहराया गया। वीर स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बतलाया कि 20 किलोमीटर के इस ट्रैक को 3 दिनों की कठिन चढ़ाई चढ़कर वे समिट प्वाइंट पर पहुंचे थे और 1 जनवरी की सुबह माइनस 5 डिग्री तापमान पर ध्वज लहराया। ज्ञात हो यह क्रिकेट प्रतियोगिता बीते 2 सीजन छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग के नाम से सफलता पूर्वक आयोजित की जा चुकी है तथा इस वर्ष नए नाम और फॉर्मेट में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में प्रदेश की 8 टीमें बनाई जायेगी जिनके मध्य रायपुर, बिलासपुर और भिलाई स्टेडियमों में मुकाबले खेले जाएंगे।

## संघ के पदाधिकारियों ने अपनी मांगों के संबंध में आयुक्त व अपर आयुक्त को अवगत कराया



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर अधिकारी कर्मचारी एकता संघ ने आयुक्त अबिनाश मिश्रा एवं अपर आयुक्त यू.एस. अग्रवाल से भेंट कर नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष प्रमोद जाधव, उपाध्यक्ष मोहित कुमार, श्याम सोनी सहित अमरनाथ साहू, प्रेमचंद दुबे, मानकु राम धीवर, मोहित जायसवाल, मनीष मरकाम, मनीष भोई, श्रीमती राजश्री श्रीवास, श्रीमती विनिता जायसवाल, श्रीमती माया बंछोर, सुश्री प्रिया बसंती व अन्य पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

आयुक्त से भेंट कर संघ के पदाधिकारियों ने संघ की प्रमुख मांग 2004 के बाद नियुक्त समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुरानी पेंशन लागू किया जाये। बीमार अधिकारी एवं कर्मचारियों के त्वरित इलाज हेतु कैशलेस कार्ड की सुविधा प्रदान किये जाने के संबंध में चर्चा की। जिस पर आयुक्त ने शासन के नियमानुसार पात्र अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ देने अपनी सहमति व्यक्त करते हुए सामान्य प्रशासन विभाग को आगे की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। वहीं इलाज हेतु कैशलेस कार्ड की सुविधा प्रदान करने नगर निगम से अनुबंधित बैंकों से चर्चा कर शीघ्र प्रारंभ किये जाने के संबंध में आश्वस्त किया। वहीं अध्यक्ष ने प्लेंसमेंट कर्मचारियों की मांगों के संबंध में अपनी बात आयुक्त के समक्ष रखी।

# डॉक्टरों ने रक्तदान कर रक्तदान महादान की अनूठी मिसाल पेश



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नववर्ष 2025 के आगमन के साथ ही डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मॉडल ब्लड (बैंक) सेंटर में डॉक्टरों और अन्य स्वेच्छिक रक्तदाताओं ने रक्तदान कर रक्तदान महादान के वाक्य को सार्थक किया है। डॉ. सूदित पाल (46वीं बार), डॉ. अविरल मिश्रा(38वीं बार), डॉ. अपूर्वा खंडूजा (7वीं बार) सहित 26 अन्य स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने आज मॉडल ब्लड सेंटर में रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की सहायता की। डॉक्टरों के इस नेक कार्य के लिए पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.विवेक चौधरी और डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने पैथोलॉजी विभाग और ब्लड सेंटर की सराहना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

मॉडल ब्लड सेंटर के इंचार्ज डॉ. अमित कुमार भारद्वाज के मुताबिक यह चिकित्सालय राज्य में सबसे बड़ा शासकीय चिकित्सालय है एवं यहाँ अत्यंत गंभीर और विभिन्न बीमारियों के मरीज इलाज करवाने आते हैं तथा ऐसे मरीजों को इलाज के साथ रक्त की जरूरत होती है। ऐसे मरीजों के जरूरत के लिए मॉडल ब्लड सेंटर निरंतर तत्पर रहता है और इस तारतम्य में ब्लड सेंटर में कार्यरत डॉक्टरों और अन्य स्टाफ निरंतर रक्तदान करते रहते हैं और मानवता के प्रति अपना फर्ज निभाते हैं। विदित हो कि पैथोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद नेरल 125वीं बार रक्तदान कर चुके हैं और संभवत: छत्तीसगढ़ राज्य के डॉक्टरों में सबसे ज्यादा बार रक्तदान करने का रिकॉर्ड इन्हीं के नाम दर्ज हैं। साथ ही उन्हें इस महान कृत्य के लिए राज्यपाल द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है।

# कैट वर्ष 2025 को व्यापारी स्वाभिमान वर्ष के रूप में मनाएगा - अमर पारवानी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** देशभर में होंगे अनेक कार्यक्रम: व्यापारियों के अधिकारों और सम्मान के लिए होगी विशेष पहल, दिल्ली में 6-7 जनवरी को होने वाले राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन होंगे बड़े निर्णय देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने वर्ष 2025 को व्यापारी स्वाभिमान वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। कैट ने बताया कि यह वर्ष व्यापारियों के अधिकारों, देश के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विकास में उनके योगदान, और उनकी समस्याओं को उजागर करने तथा उनके सम्मान को स्थापित करने के उद्देश्य से समर्पित होगा।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि आगामी 6-7 जनवरी को दिल्ली में कैट एक राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन आयोजित कर रहा है जिसमें देश के सभी राज्यों के 150 से अधिक प्रमुख व्यापारी नेता शामिल होंगे और व्यापारी स्वाभिमान वर्ष के सभी कार्यक्रमों को अंतिम रूप देंगे। देश भर के 48 हजार से ज्यादा व्यापारिक संगठन इस बृहद योजना के क्रियान्वयन में जुटेंगे। पारवानी एवं दोशी ने बताया की प्रारंभिक रूप से व्यापारी स्वाभिमान



वर्ष के अंतर्गत मुख्य कार्यक्रम की योजना बनाई गई है जिसमें विभिन्न कार्यक्रम होंगे जो निम्नानुसार है।

देशव्यापी अभियान:- व्यापारियों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। केंद्र और राज्य सरकारों के साथ संवाद कर व्यापारियों के लिए हितकारी नीतियों की मांग की जाएगी।

सम्मान समारोह:- देशभर में व्यापारियों के योगदान को मान्यता देने के लिए विशेष सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। प्रमुख व्यापारियों और संगठनों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

संगोष्ठियां और कार्यशालाएं:- व्यापारिक ज्ञान और आधुनिक तकनीकों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। डिजिटल व्यापार, जीएसटी, ई-कॉमर्स और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।

व्यापारी मार्च एवं रैलियां: - व्यापारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए देश के विभिन्न राज्यों में स्वाभिमान मार्च निकाले जाएंगे। व्यापार में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग की जाएगी।

व्यापारिक संस्कृति को बढ़ावा:- स्थानीय और पारंपरिक व्यापार को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष मेले और प्रदर्शनियां आयोजित की जाएंगी। व्यापारियों का स्वाभिमान होगा सर्वोपरि ।

पारवानी एवं दोशी ने कहा कि कैट व्यापारियों की रीढ़ की हड्डी के रूप में उनकी भूमिका को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। देश के 9 करोड़ से अधिक व्यापारियों को एक मंच पर लाने का यह प्रयास व्यापारिक समुदाय को एक नई दिशा देगा।

कैट का आह्वान:- सभी व्यापारी संगठनों, एसोसिएशनों और व्यापारियों से अनुरोध है कि वे इस अभियान का हिस्सा बनें और 2025 को व्यापारी स्वाभिमान वर्ष के रूप में मनाकर अपने अधिकारों और सम्मान की रक्षा करें।















# वेलकम टू द जंगल के शेड्यूल से उठा पर्दा, अक्षय और टीम ने कसी कमर

वेलकम टू द जंगल 2025 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। अक्षय कुमार और अन्य कलाकारों से सजी यह कॉमिक फिल्म इस साल दिसंबर में रिलीज होने वाली थी। हालांकि, निर्माताओं ने फिल्म की नाटकीय रिलीज को अगले साल तक के लिए टाल दिया। अहमद खान के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को लेकर आया नया अपडेट उत्साह बढ़ाने वाला है। फिल्म की शूटिंग का मेगा शेड्यूल तैयार किया गया है।

वेलकम टू द जंगल को लेकर नवीनतम विकास यह है कि एक मेगा शेड्यूल दुबई में शूट किया जाएगा। टीम ने अगस्त 2024 में मुंबई और कश्मीर में फिल्म का मैराथन शेड्यूल पूरा किया। और अब, वे दुबई में अंतर्राष्ट्रीय शेड्यूल शुरू करेंगे। निर्देशक अहमद खान ने खुलासा किया कि मेगा शेड्यूल जल्द ही दुबई में शुरू होगा।

अहमद खान ने साझा किया, अबू धाबी फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। दर्शक सिनेमाई असाधारणता और असीमित मनोरंजन की उम्मीद कर सकते हैं। टीम ने पहले से ही रेकी के लिए यात्रा करने का कार्यक्रम भी बना लिया है। दूसरी ओर, निर्माता फिरोज नाडियाडवाला ने कहा कि कॉमिक फिल्म की शूटिंग संयुक्त अरब अमीरात के प्रभावशाली स्थानों पर की जाएगी।

फिरोज नाडियाडवाला ने कहा, फिल्म के एक्शन सीन और गाने को संयुक्त अरब अमीरात के प्रतिष्ठित स्थानों पर कई विदेशी एक्शन, स्टंट क्रू और डांसरों के साथ उन स्थानों पर शूट किया जाएगा, जहां आज तक हाई ऑक्टेन हॉलीवुड फिल्मों को भी शूटिंग की सुविधा नहीं दी गई है। फिलहाल, टीम शूटिंग स्थानों के अधिकार और परमिट प्राप्त करने पर काम कर रही है। फिल्म के बारे में बात करें तो इसमें 34 कलाकारों सहित कई स्टार कलाकार शामिल हैं। मेकर्स ने फिल्म की 70 फीसदी शूटिंग पहले ही पूरी कर ली है।

परेश रावल, सुनील शेट्टी, रवीना टंडन, दिशा पाटनी, लारा दत्ता, जैकलीन फर्नांडीज, शाइरब हाशमी, श्रेयस तलपड़े, अरशद वारसी, मुकेश तिवारी और अन्य सितारे वेलकम टू द जंगल का हिस्सा हैं। फिल्म 2025 में सिल्वर स्क्रीन पर दस्तक देने वाली है।




# पहली बार फिल्म 'देवा' में दिखेगी शाहिद और पूजा हेगड़े की जोड़ी, 31 जनवरी को होगी रिलीज

अभिनेता शाहिद कपूर अपनी अगली फिल्म 'देवा' को लेकर इन दिनों काफी सुर्खियां बटोर रहे हैं। क्योंकि करीब एक साल के बाद उनकी बड़े पर्दे पर वापसी हो रही है। इस एक्शन थ्रिलर में वे एक दमदार भूमिका में नजर आने वाले हैं। मलयालम फिल्ममेकर रोशन एंड्रयूज के निर्देशन में बनी इस फिल्म का पहला पोस्टर 1 जनवरी को रिलीज किया जाएगा, जबकि फिल्म 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

फिल्म 'देवा' का पहला पोस्टर नए साल के पहले दिन उनके प्रशंसकों के लिए एक खास तोहफा होगा। बताया जा रहा है कि फिल्म में शाहिद कपूर का पुलिस अधिकारी की भूमिका में दमदार अवतार देखने को मिलेगा। खबरें हैं कि इस फिल्म का खास कनेक्शन दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन से है। इस कारण लोगों की उत्सुकता और भी बढ़ गई है। हालांकि, इस संबंध में अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## शाहिद-पूजा की जोड़ी पहली बार होगी साथ

फिल्म में शाहिद कपूर के साथ दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी पहचानी अभिनेत्री पूजा हेगड़े मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह पहला मौका होगा जब शाहिद और पूजा की जोड़ी बड़े पर्दे पर साथ दिखाई देगी। इसके अलावा, अभिनेता पावेल गुलाटी भी फिल्म में अहम भूमिका निभा रहे हैं। 'देवा' का निर्माण जीस्टूडियोत एवं निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर ने किया है। यह फिल्म 31 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। पहले इसे 14 फरवरी को रिलीज किया जाना था, लेकिन निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर नई तारीख का ऐलान कर दिया है। शाहिद कपूर को पिछली बार फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में देखा गया था, जिसमें वह कृति सैनन के साथ नजर आए थे। इस फिल्म में उनके अभिनय को दर्शकों और समीक्षकों से खूब सराहना मिली थी।





# 2024 के बाद सीरत कपूर एक केंद्रित 2025 के लिए पूरी तरह तैयार हैं

जैसे ही नया साल शुरू हुआ, अभिनेत्री सीरत कपूर ने पिछले साल पर विचार करते हुए अपनी आगामी योजनाओं को साझा किया। अपनी प्रतिभा, दृढ़ता और गरिमा के लिए जानी जाने वाली सीरत ने 2024 में मिले अनुभवों और अवसरों के लिए गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। हालांकि, वह अपनी उपलब्धियों पर रुकने वाली नहीं हैं।

बहुमुखी अभिनेत्री ने 2025 को और भी प्रभावशाली बनाने के लिए समग्र विकास—शारीरिक और मानसिक दोनों—पर ध्यान केंद्रित करने का निश्चय किया है। उन्होंने अपने प्रशंसकों को अपनी प्रेरणा और समर्थन का सबसे बड़ा स्रोत माना है। 2025 की अपनी दृष्टि पर बोलते हुए, सीरत कहती हैं, 2025 मेरे लिए और भी प्रेरणादायक और फलदायी होगा।

इस साल मेरा ध्यान स्पष्ट है—मैं और कड़ी मेहनत करना चाहती हूं, निरंतर विकास करना चाहती हूं और अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना चाहती हूं। अपने पेशेवर लक्ष्यों और व्यक्तिगत कल्याण के बीच संतुलन बनाए रखना मेरे लिए महत्वपूर्ण है और मैं आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार हूं।

**सीरत कपूर 2025 में एक नई सोच और ट्रांसफॉर्मेटिव दृष्टिकोण के साथ कदम रख रही हैं। अभिनेत्री ने अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की योजना बनाई है। स्व-देखभाल उनके लिए अनिवार्य है। 2024 सीरत के लिए व्यस्त और चुनौतीपूर्ण वर्ष रहा, जिसमें उन्होंने ऐसे प्रोजेक्ट्स किए जो न केवल एक कलाकार के रूप में उनकी क्षमताओं को परखा, बल्कि उनके प्रशंसकों के साथ उनके जुड़ाव को और भी मजबूत किया। जैसे ही वह आने वाले साल के लिए अपनी योजनाओं को आकार देती हैं, सीरत भविष्य के अफसरों के प्रति आशान्वित हैं। वह मेहनत करने, नए प्रतिमानों को तोड़ने और एक व्यक्ति और कलाकार के रूप में निरंतर विकसित होने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। अपने दिल से लिखे गए संदेश को समाप्त करते हुए, सीरत अपने प्रशंसकों और शुभचिंतकों के लिए शुभकामनाएं देते हैं।**

# ऑफ शोल्डर ड्रेस में साउथ की हसीना मालविका मोहनन ने ढाया कहर, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख दिल हार गए

साउथ एक्ट्रेस मालविका मोहनन आए दिन अपने ग्लैमरस और बोल्ड लुक्स से सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका बोल्ड और कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही ट्रेंड करने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं, जिसमें उनका गॉर्जियस लुक देखकर फैंस एक बार फिर से उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।


तमिल सिनेमा की पॉपुलर एक्ट्रेस मालविका मोहनन अपने शानदार और ग्लैमरस लुक्स के लिए जानी जाती हैं। उनका हर एक अंदाज इंटरनेट पर आते ही ट्रेंड करने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। एक्ट्रेस मालविका मोहनन ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान व्हाइट कलर का बॉडीकॉन आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक किलर पोज दे रही हैं। खुले बाल, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मालविका मोहनन ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि एक्ट्रेस को फिल्म युध्रा में देखा गया था। इस फिल्म में एक्ट्रेस ने अहम किरदार निभाया था। दर्शकों ने इस मूवी में उनकी एक्टिंग को भी काफी पसंद किया था। मालविका मोहनन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।



# राम पोथिनेनी-भाग्यश्री बोरसे के फैंस को नए साल का तोहफा, फिल्म रैपो 22 का पोस्टर हुआ जारी

**राम पोथिनेनी की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म रैपो 22 का नया पोस्टर जारी किया जा चुका है, जिसे लेकर प्रशंसकों में काफी उत्साह है। इस फिल्म को युवा निर्देशक महेश बाबू पी निर्देशित कर रहे हैं। माइथ्री मूवी मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर फिल्म रैपो 22 से भाग्यश्री बोरसे का लुक जारी किया है। इस पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, इस नए साल में बहुत सारा प्यार और खुशियां आप सभी की जिंदगी में.... टीम रैपो 22 की ओर से आप सभी को नए साल 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं....**





फिल्म रैपो 22 की शूटिंग आधिकारिक तौर पर शुरू हो चुकी है। इस नए साल की पूर्व संध्या को और भी खास बनाने के लिए निर्माताओं ने सागर की प्रेमिका महा लक्ष्मी के रूप में भाग्यश्री बोरसे का पहला लुक जारी कर दिया है। पोस्टर में दोनों की जोड़ी आकर्षक दिख रही है और राम के आकर्षक मेकओवर ने प्रशंसकों को इंप्रेस कर दिया है। राम के प्रशंसकों को उनकी पिछली फिल्मों से अलग दिखने वाली इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है क्योंकि दर्शक महेश बाबू के इस अनोखे विजन को देखने के लिए उत्सुक हैं। माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा समर्थित, यह फिल्म पहले से ही चर्चा बटोर चुकी है। फिल्म रैपो 22 की 21 नवंबर, 2024 को हैदराबाद में एक छोटी पूजा समारोह के साथ शुरुआत की गई थी। महेश बाबू पी ने आखिरी बार अनुष्का शेट्टी अभिनीत मिस शेट्टी मिस्टर पॉलीशेट्टी का निर्देशन किया था, जो बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता थी। इस नए प्रोजेक्ट को मशहूर मैत्री मूवी मेकर्स द्वारा पर्याप्त बजट में बनाया जा रहा है। प्रोजेक्ट को अंतिम रूप दे दिया गया है। इस फिल्म से पहले भाग्यश्री बोरसे साउथ अभिनेता रवि तेजा के साथ मिस्टर बच्चन में नजर आई थीं।

# किरण अब्बावरम स्टारर दिलरुबा का टीजर आज होगा रिलीज

किरण अब्बावरम की आने वाली फिल्म दिलरुबा फरवरी 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। विश्व करुण द्वारा निर्देशित इस रोमांटिक एक्शन एंटरटेनर में अब्बावरम के साथ रुखसार ढिल्लन भी हैं। शिवम सेल्युलॉइड्स और सारेगामा की ए उडली फिल्म द्वारा निर्मित, दिलरुबा में मनोरंजक कहानी का वादा किया गया है।

दिलरुबा का टीजर 3 जनवरी को रिलीज होने वाला है, जिससे लोगों में उत्सुकता बनी हुई है। किरण अब्बावरम की केए में सफलता के बाद, उम्मीदें बहुत ज्यादा हैं। फिल्म की तकनीकी टीम में एडिटर प्रवीण केएल, सिनेमेटोग्राफर डेनियल विस्वास, संगीतकार सैम सीएस और निर्माता रवि, जोजो जोस, राकेश रेड्डी और सारेगामा शामिल हैं। दिलरुबा की कहानी और विश्व करुण के निर्देशन का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। क्या किरण अब्बावरम अपनी पिछली सफलता को दोहरा कर पाएंगे?




# शरीर को कई लाभ प्रदान कर सकती है जंपिंग प्लैंक एक्सरसाइज

जंपिंग प्लैंक एक्सरसाइज आपके कोर को मजबूत बनाने में मदद कर सकती है। यह न केवल पेट की मांसपेशियों को मजबूत करती है, बल्कि शरीर के संतुलन और स्थिरता में भी सुधार लाती है। इस एक्सरसाइज से हृदय गति बढ़ती है, जिससे कैलोरी बर्न होती है। यह सहनशक्ति बढ़ाने का भी एक अच्छा तरीका है क्योंकि इसमें पूरे शरीर का उपयोग होता है।इस लेख में हम जंपिंग प्लैंक के फायदे, सावधानियां और कुछ वैकल्पिक अभ्यासों पर चर्चा करेंगे।



## जंपिंग प्लैंक कैसे करें?

सबसे पहले सामान्य प्लैंक पोजीशन में आएं, फिर अपने हाथों और पैरों को सीधा रखते हुए शरीर को एक सीधी रेखा में रखें। अब अपने पैरों को कंधे की चौड़ाई से थोड़ा बाहर की ओर कूदें और फिर वापस अंदर लाएं। यह प्रक्रिया लगातार करते रहें। इस दौरान ध्यान रखें कि आपकी पीठ सीधी रहे और पेट अंदर की ओर खिंचा हुआ हो। शुरुआत में इसे 30 सेकंड तक करें और धीरे-धीरे समय बढ़ाएं।

## जंपिंग प्लैंक के फायदे

जंपिंग प्लैंक आपके शरीर के कई हिस्सों पर काम करता है, खासकर पेट, कंधे और पैर की मांसपेशियों पर। यह एक्सरसाइज हृदय गति को बढ़ाती है, जिससे कैलोरी बर्न होती है और वजन घटाने में मदद मिलती है। इसके अलावा यह आपकी सहनशक्ति बढ़ाने का भी एक अच्छा तरीका है क्योंकि इसमें पूरे शरीर का उपयोग होता है। नियमित रूप से करने पर यह आपकी मुद्रा सुधारने और रीढ़ की हड्डी को मजबूत बनाने में भी सहायक होती है।

## जंपिंग प्लैंक करते समय बरतें ये सावधानियां

जंपिंग प्लैंक करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी होता है ताकि चोट लगने से बचा जा सके। सबसे पहले सही फॉर्म का पालन करें। एक्सरसाइज करते समय पीठ सीधी होनी चाहिए और गर्दन आरामदायक स्थिति में होनी चाहिए। अगर आपको किसी प्रकार की पीठ या घुटनों की समस्या हो तो इस एक्सरसाइज से बचें या किसी विशेषज्ञ से सलाह लें। हमेशा अच्छी क्वालिटी वाले मैट का उपयोग करें ताकि फिसलने का खतरा कम हो।

## जंपिंग प्लैंक के साथ अन्य विकल्प आजमाएं

अगर आप जंपिंग प्लैंक के साथ कुछ विविधता चाहते हैं तो आप साइड टू साइड जंप्स या हाई नीज जैसे अन्य कार्डियो एक्सरसाइज जोड़ सकते हैं, जो समान रूप से प्रभावी होते हैं। इसके अलावा आप बर्पी या माउंटेन क्लाइंबर्स जैसे उच्च तीव्रता वाले एक्सरसाइज भी शामिल कर सकते हैं, जो आपके फिटनेस स्तर को चुनौती देंगे और अधिक कैलोरी बर्न करेंगे। इन सभी विकल्पों के साथ संयोजन करके आप अपनी दिनचर्या को रोचक बना सकते हैं।

# 7 साल डेट करने के बाद एक दूजे के हुए सिंगर अरमान-आशना, लिखा- 'तू ही मेरा घर..'

बॉलीवुड सिंगर अरमान मलिक के फैंस के लिए नए साल की शुरुआत एक खुशखबरी लेकर आए हैं। अरमान ने अपनी लॉन्ग टाइम गलफ्रेंड आशना श्रॉफ से शादी कर ली है। हाल ही में अरमान ने सोशल मीडिया पर शादी की कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं और फैंस के साथ ये खुशखबरी साझा की। बता दें कि दोनों ने 2023 में सगाई की थी और काफी समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे।

बॉलीवुड सिंगर अरमान मलिक ने पिछले साल 2023 में अपनी सगाई के बाद अब शादी अपनी शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पोस्ट की हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी शादी की तस्वीरों को पोस्ट करते हुए एक प्यारा सा कैप्शन भी लिखा, 'तू ही मेरा घर...'। इन तस्वीरों में अरमान और आशना दोनों बेहद खुश नजर आ रहे हैं और उनकी जोड़ी को फैंस भी खूब पसंद कर रहे हैं। इन तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी है और लोग इस जोड़ी को ढेर सारी शुभकामनाएं दे रहे हैं।

अरमान और आशना ने अपनी शादी के लिए पिंक और ऑरेंज आउटफिट चुना। इस दौरान अरमान पिंक कलर की शेरवानी में हैंडसम और काफी स्टाइलिश लग रहे थे। साथ ही उन्होंने मैचिंग पगड़ी भी पहनी हुई है। वहीं, उनकी दुल्हन आशना ने ऑरेंज कलर का लहंगा पहना, जिस पर पिंक कलर का दुपट्टा था। आशना दुल्हन के लिबास में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। दोनों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही है और वे एक-दूसरे के गले में वरमाला डालते हुए नजर आए।



एक और तस्वीर में आशना अपने कलीरे फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही थीं, जो भारतीय शादियों में एक खास रस्म होती है। इस तस्वीर में दोनों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं था। अरमान और आशना की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं और सेलेब्स से लेकर फैंस तक इस न्यूली वेड कपल को शादी की बधाई दे रहे हैं और अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं। दोनों की शादी में परिवार वाले और करीबी दोस्त शामिल हुए।

अरमान और आशना की सगाई 22 अक्टूबर 2023 को हुई थी, जो गुड न्यूज उन्होंने अपने फैंस के साथ भी सोशल मीडिया पर साझा की थी। दोनों ने एक खास इवेंट में सगाई की थी। इवेंट में अरमान ने घुटनों पर बैठकर आशना को अंगूठी पहनाई थी और इसके बाद दोनों ने लिप-लॉक किया था। ये इवेंट सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। इससे कुछ महीने पहले, अरमान ने घुटनों के बल बैठकर आशना को शादी के लिए प्रपोज किया था और अब वे शादी के बंधन में बंध चुके हैं।

हालांकि, उनके ज्यादातर फैंस ये नहीं जानते हैं कि दोनों एक दूसरे को पिछले 7 साल से डेट कर रहे थे। जी हां, दोनों की पहली मुलाकात 2017 में हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच प्यार के रिश्ते की शुरुआत हुई, जो अब शादी के बंधन में बदल चुका है। दोनों अब लाइफ में एक नए चैप्टर की शुरुआत कर चुके हैं और फैंस उन्हें जीवन के इस नए सफर के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दे रहे हैं। दोनों की शादी की तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं।

# डियाजियो इंडिया ने छत्तीसगढ़ के कबीरधाम में नया ड्राइवर सेंसिटाइजेशन टैब लैब लॉन्च किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कबीरधाम।** डियाजियो इंडिया ने भारतकेयर्स और जिला परिवहन कार्यालय (डीटीओ) कबीरधाम, छत्तीसगढ़ के सहयोग से अपनी 'रॉन्ग साइड ऑफद रोड' (डब्ल्यूएसटीओआर) पहल के तहत एक नया ड्राइवर सेंसिटाइजेशन टैब लैब लॉन्च किया। इस केंद्र का उद्घाटन छत्तीसगढ़ के माननीय उप मुख्यमंत्री श्विजय शर्मा ने किया। यह पहल डियाजियो इंडिया के 10 राज्यों में स्थित 55 रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिस (आरटीओ) में पहले से मौजूद टैब लैब नेटवर्क का हिस्सा है। डियाजियो इंडिया की 'स्पिरिट ऑफप्रोग्रेस' ईएसजी एक्शन प्लान के तहत यह पहल जिम्मेदार उपभोग को बढ़ावा देने, शराब पीकर गाड़ी चलाने के खतरों के बारे में जागरूकता फैलाने और व्यावहारिक व शैक्षिक अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।



नया टैब लैब सभी नए ड्राइविंग लाइसेंस धारकों के लिए अनिवार्य 45 मिनट का मॉड्यूल प्रदान करता है। इस मॉड्यूल में रोचक वीडियो सामग्री और व्यवहार मूल्यांकन शामिल हैं, जो जिम्मेदार ड्राइविंग आदतों को विकसित करने और तेज गति, शराब पीकर ड्राइविंग और जल्दबाजी के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को कम करने का लक्ष्य रखते हैं। वास्तविक जीवन परिदृश्यों की नकल करके, यह प्रोग्राम सुरक्षा के महत्व पर जोर देता है और ड्राइवरों के व्यवहार और सड़क सुरक्षा पर ठोस प्रभाव डालता है।

माननीय उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा, कबीरधाम में ड्राइवर सेंसिटाइजेशन टैब लैब का शुभारंभ हमारे राज्य में सड़क सुरक्षा को बढ़ाने की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है। शिक्षा और तकनीक के मेल से, यह पहल ड्राइवरों को आवश्यक ज्ञान और जिम्मेदार ड्राइविंग प्रथाओं से सशक्त बनाएगी, जिससे सभी के लिए सड़कों को सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी। हम इस नेक प्रयास के लिए डियाजियो इंडिया और भारत केयर्स की सराहते हैं।

डियाजियो इंडिया के कॉर्पोरेट रिलेशंस प्रमुख, देवाशीष दासगुप्ता ने कहा, हम मानते हैं कि शराब पीकर गाड़ी चलाने को रोकने के लिए नजरिया बदलना बेहद महत्वपूर्ण है। अपनी 'स्पिरिट ऑफ प्रोग्रेस' ईएसजी योजना के तहत, हम जिम्मेदार उपभोग को प्रोत्साहित करने और कई शैक्षिक कार्यक्रमों में निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारतकेयर्स जैसे साझेदारों और देश भर के रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिस के साथ मिलकर, हम 'रॉन्ग साइड ऑफ द रोड' पहल का विस्तार कर रहे हैं, ताकि व्यवहारगत बदलाव लाए जा सकें और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा दिया जा सके।

# केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन ने छत्तीसगढ़ के लिए विभिन्न शहरी विकास परियोजनाओं की समीक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय शहरी मामलों के संस्थान के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में छत्तीसगढ़ में चल रही और आगामी शहरी विकास परियोजनाओं की प्रगति और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई।



बैठक में आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय की कई प्रमुख परियोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। इन परियोजनाओं का उद्देश्य शहरी समस्याओं का समाधान करना, सतत विकास को बढ़ावा देना और छत्तीसगढ़ के शहरों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। चर्चा की गई प्रमुख परियोजनाओं में शामिल हैं:

इस परियोजना का उद्देश्य रायपुर और बेमेतरा में शैलो एक्विफरों के प्रबंधन और स्थिरता को बढ़ाना है। यह परियोजना स्थानीय अधिकारियों और हितधारकों की क्षमता को मजबूत करते हुए जल संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन के लिए प्रयासरत है। इसका मुख्य उद्देश्य बेहतर ज्ञान और क्षमता को धरातल पर कार्यात्मक रूप में बदलना है, जिससे क्षेत्र में दीर्घकालिक जल सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

सिटीस 2.0 पहल के तहत, बिलासपुर में ठोस कचरा प्रबंधन के लिए प्रस्ताव पर चर्चा हुई। यह प्रस्ताव वर्तमान में मंत्रालय द्वारा विशेषज्ञों के साथ पुनरीक्षण के तहत है। साथ ही, सिटीस 2.0 की जलवायु कार्रवाई घटक के तहत, छत्तीसगढ़ को 9.4 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इन धनराशियों का उपयोग राज्य के जलवायु केंद्रों को सशक्त बनाने, नगरपालिका स्तर पर डेटा-संचालित जलवायु योजना को बढ़ावा देने, और व्यापक जलवायु कार्रवाई योजनाओं के विकास के लिए किया जाएगा। इस पहल के तहत राज्य और शहर स्तर पर जलवायु डेटा ऑब्जर्वेटरी का निर्माण भी शामिल है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत बस्तर क्षेत्र में सूखे और प्लास्टिक कचरे से मुक्त शहरी और ग्रामीण परिदृश्य के लिए विशेष अभियान पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसका उद्देश्य प्लास्टिक कचरे को कम करना और क्षेत्र में स्वच्छता को बढ़ावा देना है।

# सक्षम योजना से सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ती महिलाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ महिला कोष के तहत संचालित सक्षम योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। इस योजना से जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान करने में महती भूमिका निभा रही है। योजना का उद्देश्य विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा और अविवाहित महिलाओं को स्वावलंबन की दिशा में सशक्त बनाना है।



नए साल के पहले दिन बेमेतरा जिले की महिलाओं को महिला कोष एवं सक्षम योजना के तहत 19.80 लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। जिसमें महिला बाल विकास विभाग के द्वारा 14 महिलाओं को सक्षम योजना के तहत 10.80 लाख रूपए और स्व सहायता समूहों को 9.00 लाख रूपए की राशि का चेक प्रदान किया गया। महिलाओं ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े को धन्यवाद देते हुए कहा कि शासन की यह योजना हम महिलाओं को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है जिससे हम आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर हो रहीं हैं।

उल्लेखनीय है कि सक्षम योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम है, जिसके तहत महिलाएं मात्र 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर ऋण प्राप्त कर व्यवसाय शुरू कर सकती हैं। योजना के तहत 2024-25 में छत्तीसगढ़ की 1 हजार महिलाओं को लाभ देने का लक्ष्य रखा गया है।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर निरंतर धान खरीदी का सिलसिला निरंतर जारी

## अब तक 93.44 लाख मीट्रिक टन धान की हो चुकी है खरीदी, धान खरीदी के साथ-साथ तेजी से हो रहा धान का उठाव

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान की खरीदी की जा रही है। वहीं धान खरीदी व्यवस्था पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। राज्य में 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है।



अब तक लगभग 93.44 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में 18.69 लाख किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 21 हजार 040 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी।

प्रदेश के समस्त पंजीकृत कृषकों को खरीफविपणन वर्ष 2024-25 में धान विक्रय हेतु टोकन की सुविधा ऑनलाईन एप्प (टोकन तुंहर हांथ) एवं उपार्जन केन्द्रों में 25 जनवरी 2025 तक के लिए उपलब्ध कराया गया है। किसान सुविधा अनुसार तिथी का चयन कर नियमानुसार धान विक्रय कर सकते है।

धान खरीदी के साथ-साथ मिलर्स द्वारा धान का उठाव भी तेजी से हो रहा है। धान उठाव के लिए लगभग 62.72 लाख मीट्रिक टन धान के लिए डीओ और टीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध अब तक 36.38 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.78 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.59 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आज 02 जनवरी 2025 को 62494 किसानों से 2.90 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। इसके लिए 81 हजार 926 टोकन जारी किए गए थे। आगामी दिवस के लिए 83 हजार 303 टोकन जारी किए गए हैं।

# विष्णु सरकार में वार्डों को संवारने का काम हो रहा तेज गति से : उद्योग मंत्री

## निगम क्षेत्र के टीपी नगर और कोरबा जोन के 6 वार्डों में मंत्री ने रखी 1.60 करोड़ के विकास कार्यों की आधारशिला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने आज गुरुवार को नगर पालिका निगम कोरबा के टीपी नगर और कोरबा जोन के कुल छह वार्डों में 1.60 करोड़ की लागत से होने वाले विकास कार्यों की आधारशिला रखी।




वार्ड क्रमांक 16 के ढेगूरनाला में मंत्री देवांगन ने कुल 95 लाख और वार्ड क्रमांक 4 इंदिरा नगर, पुरानी बस्ती कोरबा में 65 लाख के कार्यों के भूमि पूजन के अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि जिन कार्यों की आज नींव रखी जा रही है, उसकी जरूरत और मांग लंबे समय से थी। वार्ड और मोहल्ले के रहवासियों द्वारा किए जा रहे मांग को अनसुना किया जा रहा था, लेकिन विष्णु देव सरकार में ऐसे एक-एक कार्यों को स्वीकृत कराकर प्रारंभ भी कराया जा रहा है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि आज रहवासियों की खुशी यह बता रही है कि कोरबा में विकास तेज गति से हो रहा है. अभी तो सरकार को सिर्फ एक वर्ष हुए हैं और इस एक वर्ष में हमनें 300 करोड़ से ज्यादा की राशि नगर निगम को उपलब्ध कराई है। आने वाले 4 वर्षों में इसी रफ्तार के साथ विकास कार्य कराए जाएंगे। वार्डो और मोहल्लों के एक-एक समस्या को चुन-चुन कर उन कार्यों को करने के लिए संकल्पित होकर कार्य किए जा रहे हैं। वार्ड क्रमांक 4 में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में मंत्री श्री देवांगन ने कहा हसदेव नदी पर रपटा बनाने कि मांग विगत 15 वर्षों से की जा रही थी, लेकिन प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से मांग रखने पर उन्होंने तत्काल स्वीकृति प्रदान की। बहुत जल्द इसका भी कार्य प्रारंभ होगा।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन, पार्षद धनसाय साहू, धनश्री साहू, कोसाबाडी मंडल के अध्यक्ष डॉ राजेश राठौर, कोरबा मंडल के अध्यक्ष योगेश मिश्रा, पुनीराम साहू, शिवा राठौर, दिनेश वैष्णव, भुवनेश्वर देवांगन, संजय शर्मा, फिरोज खान, सुरेश देवांगन, स्मिता सिंह, रमेश पोद्दार, आनंद किशोर, ललित साहू, योगेश्वर साहू, मिलाप बरेठ, बिहारी रजक समेत अन्य उपस्थित रहे।

### इन कार्यों की रखी गई आधारशिला

कोरबा नगर निगम अंतर्गत कोरबा जोन के चार वार्डों में अधोसंरचना मद से वार्ड क्र. 01 नाली एवं सी.सी. रोड निर्माण कार्य, लागत 10 लाख रूपए, वार्ड क्र. 01 में अधोसंरचना मद से नाली एवं रोड सोल्डर कार्य लागत 10 लाख, वार्ड क्र. 04 क्षेत्रांतर्गत ठाकुर घाट में छतदार मंच एवं कांक्रीट पेवर ब्लॉक फिटिंग कराने का कार्य, 15 लाख, वार्ड क्र. 04 इंदिरा नगर में सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य 10 लाख, वार्ड क्र. 11 क्षेत्रांतर्गत में सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य लागत 10.00, वार्ड क्र. 12 क्षेत्रांतर्गत न्यू शारदा विहार में नाली निर्माण कार्य लागत 10 लाख, वार्ड क्रमांक 16 कोहड़िया में पेविंग कार्य लागत 35 लाख, वार्ड क्रमांक 16 कोहड़िया के विभिन्न स्थानों मे आरसीसी नाली और सीसी रोड लागत 20 लाख, वार्ड क्रमांक 16 के कंकालीन बाई शीतला माता पहुंच मार्ग का निर्माण लागत 10 लाख, वार्ड क्रमांक 15 के जीटी हॉस्टल नहर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य लागत 15 लाख, वार्ड क्रमांक 16 में आरसीसी नाली और सीसी रोड का निर्माण कार्य 15 लाख के कार्यों का भूमि पूजन किया गया।

# राज्य सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्धः मंत्री राजवाड़े

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज सक्ती जिले के नगर पंचायत जैजैपुर को 3.30 करोड़ रूपए से अधिक की लागत के 29 विकास व निर्माण कार्यों का सौगात दी है। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा आगामी समय में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में परित्यक्ता और विधवा महिलाओं को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने नगर पंचायत जैजैपुर सहित जिलेवासियों को विकास कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी।



मंत्री राजवाड़े ने नव वर्ष 2025 की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सभी क्षेत्रों में विकास के कार्य लगातार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज नगर पंचायत जैजैपुर क्षेत्र में 3 करोड़ 30 लाख रुपए से भी अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। प्रदेश सरकार के गठन के बाद अल्प समय में ही तेजी से अनेकों कार्य कराए जा रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं के खाते में प्रतिमाह 1000 रुपए की 11वीं किस्त जारी की जा चुकी है। इसी तरह किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। रामलला दर्शन योजना के तहत अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम का निःशुल्क दर्शन भी कराए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 18 लाख आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे बड़ी संख्या में प्रदेश के नागरिक लाभान्वित हो रहे हैं।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य, नगर पंचायत जैजैपुर अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, पूर्व विधायकगण सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी नारी शक्ति और आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# समाज के वंचित वर्गों तक पहुंच रहा है सुशासन का लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सुशासन का लाभ समाज के वंचित वर्गों तक पहुंचने लगा है। इन वर्गों के सामाजिक, आर्थिक, उत्थान के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य के लिए भी पहल की जा रही है। महासमुंद जिले में आदिवासी और अनुसूचित जाति समुदायों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का कार्य किया जा रहा है। महासमुंद जिले में 115 छात्रावास और आश्रम संचालित किए जा रहे हैं, जहां 5433 छात्र-छात्राएं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। ग्राम भोरिंग में स्थापित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में सीबीएसई पाठ्यक्रम के तहत 417 अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा के साथ शिक्षा दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, सत्र 2023-24 में 7437 विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत 418.14 लाख रुपए वितरित किए गए। अंतर्जातीय विवाह योजना के तहत 36 दंपतियों को 2.50 लाख रुपए प्रति प्रकरण के हिसाब से कुल 90 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। जिले के 936 पी.व्ही.टी.जी. परिवारों को पहचान और कल्याण योजनाओं से जोड़ते हुए 3032 आधार कार्ड, 2102 बैंक खाते, 1887 आयुष्मान कार्ड, और 3183 राशन कार्ड जारी किए गए। पी.व्ही.टी.जी. आवास योजना के तहत 7 आवासों के निर्माण के लिए 17.50 लाख रुपए स्वीकृत किए गए।






















## खास खबर



### शराब के नशे में स्कूल अन्दर घुसकर शिक्षकों से गाली गलौज, आरोपी हुए गिरफ्तार

**बिलासपुर ( ए. )।** पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के द्वारा अपराधों मे त्वरित और सख्त वैधानिक कार्यवाही करने हिदायत दिया गया है। थाना कोटा में प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 2.01.2025 को आरोपियों के द्वारा शराब के नशे में स्कूल के अन्दर घुसकर शिक्षकों से गाली गलौज कर मारपीट किया गया है।

घटना से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया गया जो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा एवं अनुभागीय पुलिस अधिकारी कोटा नुपुर उपाध्याय के मार्गदर्शन में प्रथम सूचना पत्र क्रमांक 11/2025 धारा 296,351(2),333,3(5) बी.एन.एस. दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध 03/03/2025 धारा 170,126,135(3) बी. एन.एस. एस. कायम कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों में भूपेश बघेल पिता वेदप्रसाद बघेल उम्र 24 वर्ष, सोमेश्वर दिनकर पिता दुर्योधन दिनकर उम्र 28 वर्ष, समेर दिनकर पिता संतोष दिनकर उम्र 18 वर्ष, राहुल मरावी पिता कन्हैया मरावी उम्र 18 वर्ष सभी निवासी ग्राम बघेलकापा थाना तखतपुर जिला बिलासपुर (छ. ग.) शामिल हैं।

# मोबाइल टॉवर पर चढ़कर पुलिस पर लगाया था झूठे केस में फंसाने का आरोप, वही निकला कोहका में चोरी का आरोपी

## वारदात में मां और एक और लड़का भी शामिल, पुलिस ने तीन आरोपियों से लाखों के जेवर किए बरामद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** कोहका विवेकानंद नगर में हुई चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। चोरी का मास्टरमांइड कोई और नहीं बल्कि आज से लगभग पांच माह पहले वैशाली नगर क्षेत्र में पुलिस पर झूठे मामलों में फंसाने का आरोप लगाते हुए मोबाइल टॉवर पर चढ़ने वाला राहुल बंसोड है। राहुल ने अपने एक साथी के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। इसके बाद मशरुका अपने घर पर मां की देखरेख में छिपाया। इस मामले में पुलिस ने राहुल बंसोड व उसकी मां किरन बंसोड के साथ एक अन्य प्रदीप कुमार चौधरी को गिरफ्तार कर लाखों के जेवर बरामद किए हैं। एन्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट दुर्ग एवं चौकी स्मृतिनगर पुलिस ने संयुक्त रूप से इस चोरी के मामले को सुलझाया है।



बता दें प्रार्थी संजय सिंह ने पुलिस को सूचना दी कि 23 से 28 दिसंबर के वह अपने परिवार के साथ बिहार गए हुए थे। इस बीच उन्हे घर पर चोरी की सूचना मिली। जब बिहार से वे परिवार के साथ लौटे तो देखा कि घर का ताला तोड़कर लाखों के जेवर व नगदी चोरी हो गई। अलमारी के अंदर से सोना चांदी के जेवर, नगदी के साथ कैमरे का डीबीआर भी चोरों ने पार कर दिया था। घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। एसपी जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर विशेष टीम घठित कर तलाश में लगाई गई। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। आस पास घटना स्थल से फिंगरप्रिंट लिया गया एवं डॉग स्कॉट टीम से घटना स्थल का परीक्षण कराया गया तथा आस पास लगे सीसी टीवी के फुटेज का सूक्ष्मता से देखे गए।

सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि 26 एवं 27 दिसम्बर के मध्य रात्रि दो अज्ञात घर के अंदर प्रवेश करते एवं बाहर निकलते देखे गए। टीम द्वारा त्रिनयन एप के माध्यम से आसपास के क्षेत्र में लगे 100 से अधिक सीसीटीवी फूटेज का बारिकी से अवलोकन किया। आसपास क्षेत्र के पूर्व नकबजनों को हुलिये के आधार पर पता साजी की गई इसी दौरान फुटेज में पूर्व में चोरी का आरोपी राहुल बंसोड़ जैसा हुलिया दिखाई दिया। राहुल बंसोड वही है जो पूर्व में भी चोरियां कर चुका है और पकड़े जाने के डर से पांच माह पहले मोबाइल टॉवर पर चढ़कर कूद जाने की धमकी दी थी। पुलिस ने राहुल पर नजर रख रही थी तो वह अनाप सनाप खर्च करता पाया गया। इसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की।

पुलिस की पूछताछ में पहले तो गोल मोल बातें बनाता रहा लेकिन जब उसे सीसी टीवी फुटेज दिखाए गए तो उसने सारी सच्चाई उगल दी। राहुल बंसोड ने बताया कि उसने अपने साथी प्रदीप कुमार के साथ घटना को अंजाम दिया। इसके बाद पुलिस ने प्रदीप चौधरी निवासी वृंदा नगर कैंप 2 को भी पकड़ कर पूछताछ किया। आरोपियों चोरी की बात स्वीकार की। राहुल बंसोड ने बताया कि चोरी के माल मशरूका को अपनी मां किरण बंसोड के पास छीपाया है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के घर में दबिश दी और सोने के आभूषण वजनी लगभग 374 ग्राम कीमती 31 लाख 26 हजार रुपए, चांदी के आभूषण कीमती 1 लाख 80 हजार, डीएसएलआर कैमरा 1 कीमती 50 हजार रुपए, एक छोटा कैमरा कीमती 20000 रुपए, दो स्मार्ट वॉच कीमती 10,000 रुपए, एक मोबाईल टैबलेट कीमती 15 हजार रुपए, घटना में प्रयुक्त लाल रंग की स्कूटी कीमती 50000 हजार रुपए कुल जुमला कीमती 34 लाख 51 हजार रुपए बरामद किया गया।

इस पूरी कार्रवाई में उक्त कार्यवाही में एसीसीयू से एएसआई पूर्ण बहादूर, एसीसीयू प्रधान आरक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर, चौकी स्मृति नगर से आरक्षक अनुप शर्मा, मोह. शाहबाज खान, संतोष गुप्ता, पन्ने लाल, जुगनू सिंह, शिव मिश्रा, उपेन्द्र यादव, भावेश पटेल एवं तकनीकी टीम से विकास सिह, आरक्षक विकांत यदु, आरती सिंह, चौकी स्मृति नगर से आरक्षक सविंदर सिंह, हर्षित शुक्ला, कमल कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

# राजधानी में फिर एक डबल मर्डर : मां-बेटी की हत्या, बेटी का शव नाले में फेंका और घर पर पड़ा था मां का शव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नए साल की शुरुआत में राजधानी रायपुर में हत्या के मामले में थम नहीं रहे हैं। 31 दिसंबर की रात डीडी नगर थाना क्षेत्र में डबल मर्डर का अभी खुलासा हुआ ही है और इधर एक और डबल मर्डर के मामले में पुलिस को उलझा दिया है। ताजा मामले में मां-बेटी की हत्या कर दी गई है। बेटी का शव नाले के पास देखा गया। जब इसकी जानकारी देने कुछ लोग घर पर गए तो मां की लाश पड़ी देखी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को 14 साल की लड़की की लाश खमतराई थाना इलाके के एक नाले में पड़ी मिली। शव की शिनाख्ती के बाद जब गुरुवार को इसकी सूचना देने बच्ची के घर पहुंचे तो उसकी मां की लाश मिली। यह क्षेत्र धरसींवा पुलिस स्टेशन एरिया में मिली। बताया जा रहा है कि रायपुर-बिलासपुर हाईवे से लगी एक बस्ती में 14 साल की बच्ची और उसकी मां रहा करते थे। बताया जा रहा है कि मां बेटी की एक साथ हत्या की गई और इसके काद बेटी के शव को नाले के पास फेंका गया और मां के शव को घर पर ही छोड़ दिया गया। फिलहाल मामले की पुलिस जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक घटना 31 दिसंबर की रात की हो सकती है। बेटी का शव एक जनवरी को बरामद हुआ और उसकी मां का शव उसके घर पर 2 जनवरी को मिला। घटना के बाद पुलिस ने अभी तक मृतक मां व बेटी के नाम का नहीं बताया है। पुलिस को आशंका है कि हत्या करने वाला इनका जानकार है। संभवत: उसका इनके घर पर आना जाना लगा रहा होगा। फिलहाल पुलिस ने महिला के घर आने वाले लोगों की जानकारी जुटा रही है। दो थानों की टीमें इस केस को सुलझाने में लगी है। फोरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल का मुआयना किया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# नकली पुलिस बनकर ट्रक चालकों से वसूली करने वाले तीन गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नकली पुलिस बनकर शहर के आउटर में बने हाईवे पर आने - जाने वाले ट्रक चालकों से अवैध रुप से वसूली करने वाले तीन आरोपियों को आरंग पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उन्हें न्यायिक रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है।



रमेश साहू ने 31 दिसंबर को आरंग थाने में लिखित आवेदन दिया कि अपने साथी रविशंकर रजक के साथ हाईवा क्रमांक सीजी 25पी 6533 एवं सीजी 22ए ई 9875 से रेत लाने मोहकम रेत घाट गया था जहां से वापस आते समय रात्रि करीबन 2 बजे चरण ढाबा समोदा के पास एक स्कार्पियो क्रमांक सीजी 04 एन के 7043 जिसमे सायरन एवं बत्ती लगा था तीन व्यक्ति थे जिसके द्वारा हाईवा गाडी को रोककर अपने आप को पुलिस बताकर वाहन का कागजात रायल्टी मागे जिसे नहीं देने पर गाड़ी को अन्दर कर देने की धमकी चमकी देते हुए एक-एक हजार रुपये ले लिए। नाम पूछने पर प्रवीण चन्द्राकर, भागवत वैष्णव एवं निखिल कुमार बाघमारे बताया। पुलिस तीनों आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 854/2024 धारा 308(2), 205, 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

बताये गये व्यक्ति का नाम एवं वाहन का नम्बर पता साजी कर आरोपी प्रवीण चन्द्राकर, भागवत वैष्णव, एवं निखिल कुमार बाघमारे को हिरासत में लेकर पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लेने पर अपराध कारीत करना स्वीकार किया व पीएसओ द्वारा पहनी जाने वाली नीली सफारी वर्दी तथा स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 04 एन के 7043 और वसूले गए एक-एक हजार रुपये को जप्त किया।

## राजस्व व खाद्य विभाग ने 574 बोरी धान किया जब्त

**सूरजपुर ( ए. )।** जिले में अवैध धान के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। विभिन्न मामलों में कुल 574 बोरी (लगभग 229 क्विंटल) धान को जप्त किया गया है। इस अवैध धान की अनुमानित लागत लगभग 7 लाख 10 हजार रूपए आंकी गई है। कार्यवाही के दौरान, राजस्व, मंडी और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने लटोरी थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में अभियान चलाया। इस कार्रवाई में अवैध धान के भंडारण के आरोप में एक मकान को भी सील कर दिया गया है।

## दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, दो की मौत

**लोरमी ( ए. )।** ग्राम चंदली में दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के एक-एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। मृतकों की पहचान शंकर राज (35 वर्ष) और सुनील यादव (26 वर्ष) के रूप में हुई है। इस संघर्ष में घायल हुए अन्य सभी व्यक्तियों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लोरमी में इलाज के लिए भर्ती किया गया है जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मामले में लालपुर थाना पुलिस का कहना हैं कि वे आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लेंगे।

# चेन स्नेचर पकड़ाए : एक ही दिन सुपेला व वैशाली नगर में दो महिलाओं को बनाया था निशाना



### खुर्सीपार में भी की लूट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने शहर में चेन स्नेचिंग करने वाले शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। शातिरों द्वारा एक ही दिन सुपेला व वैशाली नगर थाना क्षेत्र में दो महिलाओं के गले से चेन पार की थी। इसके अलावा खुर्सीपार में भी चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों के पास से पुलिस ने 3.5 तोला सोने के चेन कीमती 2 लाख 80 हजार रुपए बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को जबलपुर से गिरफ्तार किया है। वहीं उसकी सहयोगी महिला को भिलाई से गिरफ्तार किया। एक आरोपी अभी भी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

बता दें थाना खुर्सीपार में 19 नवंबर को, थाना सुपेला क्षेत्र व वैशाली नगर में 8 दिसंबर 2024 को चैन स्नैचिंग हुई थी। इन तीनों मामलों की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश में लग गई। आसपास लगे सीसी टीवी फुटेज की जांच कर संदिग्धों की पहचान की गई। इस बीच मुखबिर से सूचना मिली कि डिम्पल नामक महिला चोरी के चेन को बेचने के फिराक में है। इसके बाद पुलिस ने डिम्पल को बुलाकर पूछताछ की। इसपर उसने बताया कि निर्मल सिंह उर्फ करिया उर्फ रॉकी निवासी हाउसिंग बोर्ड जो कि फिलहाल जबलपुर में है उसने सोने की चेन उसे दी थी।

इसके बाद पुलिस ने निर्मल सिंह उर्फ रॉकी पिता मंजीत सिंह की पतासाजी की। जिसके जबलपुर में होने की बात पता चली। पुलिस टीम जबलपुर रवाना हुई और घेराबंदी कर निर्मल सिंह को पकडकर भिलाई लाया गया। पूछताछ में उसने बताया कि उसने दीप सिंह उर्फ दीपक के साथ मिलकर चेन स्नेचिंग की थी। उक्त चेन को डिम्पल तथा अहिवारा में मनीषा के घर मोटर सायकल एवं जेवरात तथा मंगलसूत्र और मोती दाना हाउसिंगबोर्ड के मकान में रखने की बात बताई। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3.5 तोला सोने के चेन बरामद की है। फरार आरोपी दीप सिंह उर्फ दीपक की पतासाजी की जा रही है।

## मुंबई की रहने वाली इंजीनियरिग छात्रा को हाईवे ने कुचला, मौत

**बिलासपुर ( ए. )।** राष्ट्रीय राजमार्ग के सेंदरी सकरी बायपास ओवरब्रिज के पास न्यू ईयर सेलिब्रेशन के बाद औंरापानी जा रही मुंबई की रहने वाली इंजीनियरिंग की छात्रा को हाईवा ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने हाईवा चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रा अपनी स्कूटी स न्यू ईयर सेलिब्रेशन के बाद औंरापानी जा रही थी तभी तेज रफ्तार हाईवा ने उसे कुचल दिया और वहां से फरार हो गया। छात्रा की घटनास्थल पर ही मौत हो जो मुंबई से इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के लिए बिलासपुर आई हुई थी। हादसे में घायल छात्रा का दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राज किशोर मिश्रा (RAJ KISHORE MISHRA & RAJ KISHOUR MISHRA) पिता श्री पौहारी शरण मिश्रा निवासी मकान नं 34/12 राधिका नगर सुपेला भिलाई नगर तह. व जिला दुर्ग, यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम, राज किशोर मिश्रा (RAJ KISHOR MISHRA) पिता पौहारी शरण मिश्रा रख लिया हूं। अत: आज से मुझे सभी शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम राज किशोर मिश्रा (RAJ KISHOR MISHRA) पिता पौहारी शरण मिश्रा से जाना पहचाना जावे।

**राज किशोर मिश्रा**
**पता - मकान नं - 34/12**
**राधिका नगर सुपेला भिलाई नगर**
**तह. व जिला दुर्ग ( छ. ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली

**( सम्पत्तिकर विभाग )**

**क्रमांक/चार/तीन/स.क.वि./2024/797** — **रिसाली, दिनांक:- 01.01.2025**

### // स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना //

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही हो एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका की नगर पालिक निगम रिसाली के सम्पत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है। यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया।

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तां. का स्वरूप | सम्पत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती आशा रानी ऐरी पति- श्री राजकुमार ऐरी पता-फ्लैट नं.-201 आकृति एक्सोटिका द्वितीयतल मैत्रीनगर रिसाली तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्री राजकुमार ऐरी पिता-स्व. एस.एल. ऐरी पता-फ्लैट नं.-201 आकृति एक्सोटिका द्वितीयतल मैत्रीनगर रिसाली तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | प्रगति नगर रिसाली वार्ड-61 प.ह.न. -49. ख.नं.-154/21 है। कुल रकबा 600 व.फी. है। निर्मित क्षेत्रफल भूतल-600 व.फी. व प्रथमतल 120 व.फी. आवासीय है। |
| 2. | शुभलाभ एसोसिएट्स 1. दिनेश वाजपेयी पिता-स्व.श्री लक्ष्मण प्रसाद 2. महेन्द्र कुमार साहू पिता-बिसौहा राम द्वारा 1 श्रीमती प्रीति बाला साहू एवं सरिता बाजपेयी पता-प्लाट न.-59 स. -19 बी प्रगति नगर रिसाली तह व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्री जानकी रम्मैया पिता-स्व. के. राम मूर्ति पता-फ्लैट नं.-411, शुभकामना हाईट्स, बी विंग, सड़क न.-1, प्रगति नगर रिसाली तह. व जिला-धमतरी (छ.ग.) | बिक्रीनामा | प्रगतिनगर रिसाली ''शुभकामना हाईट्स'' प.ह.न.-19/22 ख. नं.-280/5, व अन्य कुल रकबा 2100 व.फी. है। फ्लैट नं.-411 (ए टाईप) चतुर्थतल हैं। निर्मित क्षेत्रफल-2100 व.फी. आवासीय है। |
| 3. | शुभलाभ एसोसिएट्स 1. दिनेश वाजपेयी पिता-स्व. श्री लक्ष्मण प्रसाद 2. महेन्द्र कुमार साहू पिता-बिसौहा राम द्वारा 1 श्रीमती प्रीति बाला साहू एवं सरिता बाजपेयी पता-प्लाट नं.-59 स. -19 बी प्रगति नगर रिसाली तह व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | 1. श्री शाश्वत मोहन्ती पिता-श्री राज किशोर मोहन्ती 2. श्रीमती अल्पना मोहन्ती पति-श्री शाश्वत मोहन्ती पता-क्वाटर नं.-13 डी, सड़क-04 सेक्टर-10 भिलाई तह व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | प्रगतिनगर रिसाली ''शुभकामना हाईट्स'' प.ह.न.-19/22 ख. नं-280/5, कुल रकबा 76 व.मी. है। फ्लैट नं.-304 (बी टाईप) तृतीयतल हैं। निर्मित क्षेत्रफल-76 व.मी. आवासीय है। |
| 4. | शुभलाभ एसोसिएट्स 1. दिनेश वाजपेयी पिता-स्व.श्री लक्ष्मण प्रसाद 2. महेन्द्र कुमार साहू पिता-बिसौहा राम द्वारा 1 श्रीमती प्रीति बाला साहू एवं सरिता बाजपेयी पता-प्लाट नं.-59 स. -19 बी प्रगति नगर रिसाली तह व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | 1. श्री सुखविंदर सिंह पिता-श्री सरदारा सिंह 2. श्रीमती नमिता कौर पति-सुखविंदर सिंह पता-क्वा.नं.-2ए सड़क-5, सेक्टर-2 भिलाई तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | प्रगतिनगर रिसाली ''शुभकामना हाईट्स'' प.ह.न.-19/22 ख.नं.-280/5, कुल रकबा-86 व.मी. है। फ्लैट नं. 101 (ए टाईप) प्रथमतल हैं। निर्मित क्षेत्रफल-86 व.मी. आवासीय है। |
| 5. | शुभलाभ एसोसिएट्स 1. दिनेश वाजपेयी पिता-स्व.श्री लक्ष्मण प्रसाद 2. महेन्द्र कुमार साहू पिता-बिसौहा राम द्वारा 1 श्रीमती प्रीति बाला साहू एवं सरिता बाजपेयी पता-प्लाट नं.-59 स. -19 बी प्रगति नगर रिसाली तह व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्री कृष्ण मोहन पिता-श्री के.पी. शास्त्री पता-म.नं.-1012/7, इस्पात नगर रिसाली, भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | प्रगतिनगर रिसाली ''शुभकामना हाईट्स'' प.ह.न.-19/22 ख.नं.-280/5, कुल रकबा 76 व.मी. है। पलैट नं.-609 (बी टाईप छटातल हैं। निर्मित क्षेत्रफल-2100 व.फी. आवासीय है। |

**संपत्तिकर अधिकारी**
नगर पालिक निगम, रिसाली















# सुंदर प्राकृतिक परिवेश, समृद्ध जनजातीय संस्कृति और शांत वातावरण अब फिर से बन रही है बस्तर की पहचानः मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

## जगदलपुर में 356 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास

रायपुर। बस्तर की मूल पहचान उसके सुंदर प्राकृतिक परिवेश, समृद्ध जनजातीय संस्कृति और शांत वातावरण से रही है। हमने एक साल में बस्तर की मूल पहचान वापस देने का महती कार्य किया है।आज बस्तर की प्रशंसा केवल भारत ही नहीं, पूरी दुनिया में हो रही है। संयुक्त राष्ट्र पर्यटन संगठन ने ग्राम धुड़मारास को विश्व के 20 सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांवों में सम्मिलित किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जगदलपुर के पीजी कॉलेज हॉस्टल मैदान में आयोजित विकास कार्यो के लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने इस मौके पर 356 करोड़ 44 लाख रूपए लागत के 288 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन और विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को एक करोड़ 55 लाख रूपए से अधिक की राशि का चेक और सामग्री का वितरण किया।



### नगर पंचायत बस्तर में पेयजल आपूर्ति हेतु 50 करोड़ रुपए की घोषणा

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नगर पंचायत बस्तर में अमृत मिशन योजनांतर्गत घर-घर शुद्ध पेयजल पहुँचाने के लिए 50 करोड़ रुपए देने की घोषणा की। वन एवं सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री साय की डबल इंजन की सरकार है, जिससे विकास की गति तेज हुई है। कार्यक्रम को राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव और बस्तर सांसद महेश कश्यप ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर लोकसभा क्षेत्र कांकेर भोजराज नाग, विधायक द्वय विनायक गोयल एवं चैतराम अटामी सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधी और गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर अंचल की तरक्की और उन्नति के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। बस्तर अंचल की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सभी बुनियादी सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बस्तर में हम विश्वास के साथ विकास करना चाहते हैं, जिसमें हमें सफलता मिल रही है। छत्तीसगढ़ की जनता से मोदी की गारंटी के रूप में हमने जो वादा किया था वह हर वादा हम निभा रहे हैं। सरकार बनने के एक साल के भीतर ही मोदी की गारंटी में से अधिकांश को हमने पूरा किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर के संवेदनशील इलाके के लोगों को आवास उपलब्ध कराने के लिए हमारी सरकार द्वारा केंद्र सरकार से किए गए अनुरोध पर इन क्षेत्रों के लिए पृथक से 15 हजार प्रधानमंत्री आवास भी स्वीकृति दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 18 लाख पीएम आवास स्वीकृति की गारंटी दी थी उसे पूरा करते हुए हमारी सरकार की शपथ के दूसरे ही दिन हमने आवासहीन हितग्राहियों को आवास की स्वीकृति दी। स्वीकृत पीएम आवास अब बनते जा रहे हैं और लाभान्वित परिवारों का गृह प्रवेश भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि 07 जनवरी को देश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान छत्तीसगढ़ आ रहे हैं, इस दिन भी प्रदेश में आवासहीन हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हमने नक्सल प्रभावित और पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए नियद नेल्ला नार योजना की शुरुआत की, जिसमें सुरक्षा कैम्पों के 5 किलोमीटर की परिधि में स्थित गांवों में सरकार की 17 विभागों के 53 कल्याणकारी योजनाओं और 28 सामुदायिक सुविधाओं के तहत मूलभूत सुविधाओं का विकास तेजी से सुनिश्चित कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी लागू कर दी है, आज प्रदेश के स्कूलों में 18 स्थानीय भाषा में पढ़ाई हो रही है। बस्तर में बच्चे हल्बी एवं गोंडी बोली में पढ़ाई कर रहे हैं। डॉक्टर बनने की इच्छा रखने वाले हमारे युवाओं की हित में हमने एमबीबीएस की पढ़ाई हिन्दी माध्यम में करवाने का निर्णय लिया है। पीएम श्री स्कूल योजना में 341 स्कूलों में आधुनिक शिक्षा के अनुकूल व्यवस्था कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर और गांवों का विकास अनवरत हो रहा है। पूरे प्रदेश में एक साल के अन्दर शहरी क्षेत्र के विकास के लिए 07 हजार करोड़ रूपए जारी किया जा चुका है।

सीएम साय ने किया श्री वेदमाता गायत्री कॉलेज का भूमिपूजन, बोले-

# वसुधैव कुटुम्बकं और देशभक्ति का पाठ पढ़ाती है हमारी सनातन परम्परा

श्रीकंचनपथ न्यूज

## मुख्यमंत्री ने संस्था के विकास के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा की






**जगदलपुर।** कोई भी देश तभी मजबूत रह सकता है जब उसकी बुनियाद मजबूत हो। हमारे देश की बुनियाद हमारी सनातन परंपराओं में है। सनातन परंपरा हमें वसुधैव कुटुम्बकं की सीख देती है और देशभक्ति का पाठ पढ़ाती है। अपने देश और राज्य की तरक्की के लिए बहुत जरूरी है कि हम अपनी युवा पीढ़ी को भी सनातन परंपरा के वही संस्कार प्रदान करें जो हमें अपने शिक्षकों और अभिभावकों से मिले हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज बस्तर प्रवास के दौरान जगदलपुर के समीप ग्राम कंगोली में श्री वेदमाता गायत्री महाविद्यालय के भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि गायत्री मंत्र हमारी सनातन परंपरा का सबसे महत्वपूर्ण मंत्र है। यह मंत्र हमें सन्मार्ग की ओर चलने के लिए प्रेरित करता है। विद्या भारती संस्थान में विद्यार्थियों को श्रेष्ठ शिक्षा के साथ-साथ देशभक्ति के संस्कार भी दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मानव जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व है और इसी ध्येय के साथ प्रदेश सरकार शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास पर भी जोर दे रही है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में आईआईटी, आईआईएम जैसी उच्च स्तरीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान उपलब्ध हैं। इसके अलावा राज्य में 341 पीएम श्री स्कूल स्थापित किए गए हैं जहां गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। साथ ही प्रदेश के विद्यार्थियों को जरूरी सुविधाएं और अनुकूल वातावरण प्रदान करने नालंदा परिसर भी बड़े शहरों में स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने नई शिक्षा नीति और दिल्ली में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी के लिए बनाए गए यूथ हॉस्टल के संबंध में भी जानकारी दी। कार्यक्रम को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने भी संबोधित किया।

मुख्यमंत्री साय ने विद्याभारती संस्था के विकास के लिए 50 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा भी की। इस अवसर पर लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद भोजराज नाग ने विद्याभारती संस्था के प्रदेश में स्थित विभिन्न संस्थाओं के विकास के लिए सांसद निधि से हर वर्ष एक करोड़ रूपए दिए जाने तथा जगदलपुर विधायक किरणदेव सिंह ने जगदलपुर स्थित संस्था के विकास के लिए 10 लाख रूपए की वित्तीय सहायता प्रदाय करने की घोषणा की। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख राजबहादुर सिंह राणा, संस्थान के महामंत्री नरेन्द्र तनेजा एवं रामदत्त चक्रधर ने संस्था के उद्देश्यों और गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री साय ने सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित यज्ञ में सम्मिलित होकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधानपूर्वक आहुति दी और बस्तर सहित प्रदेशवासियों की प्रगति व खुशहाली के लिए कामना की। उन्होंने प्रांगण में सागौन के पौधे रोपे।

इस अवसर पर दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, विद्यालय के आचार्यगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# सिमट रहा बस्तर से माओवादी आतंक, बदल रही बस्तर की पहचान - मुख्यमंत्री साय





श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** इस वर्ष जब मैं नये साल में अखबार पढ़ रहा था तो समाचारपत्रों के मुख्य पृष्ठ में बस्तर सुर्खियों में था। यह सुर्खियां किसी माओवादी हिंसा को लेकर नहीं थी, यह सुर्खियां बस्तर में पहुंचे विकास के उजाले को लेकर थी। बस्तर से माओवादी आतंक अब सिमट गया है। बस्तर की पहचान अब बदल गई है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर जिला पत्रकार संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि बस्तर की अपनी चुनौतियां है और इस चुनौती भरे माहौल में पत्रकारिता करना भी चुनौतीपूर्ण कार्य है। बस्तर में आम जनता के उम्मीदों, विचारों और समस्याओं का आइना बनकर शासन-प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत करने के आप सभी के प्रयासों को नमन है।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकारिता के उच्च आदर्शों का पालन कर सरकार के अच्छे काम की जानकारी जनता को दें तथा कमियों को भी बताएं। वनमंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि पत्रकारिता के नए आयाम स्थापित करने में बस्तर के पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय ने बस्तर जिला पत्रकार संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और पदाधिकारियों को नये दायित्व के निर्वहन के साथ ही नववर्ष के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में बस्तर जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस अवसर पर खेल मंत्री टंकराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में पत्रकारगण उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री साय ने दिव्यांग कनक बाई को प्रदान की ट्रायसायकिल

श्रीकंचनपथ न्यूज



**जगदलपुर।** जिले में प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बांदापारा चितापुर निवासी दिव्यांग कनक नाग को मोटराईज्ड ट्रायसायकिल प्रदान की।

मोटराईज्ड ट्रायसायकिल पाकर कनक नाग ने बताया कि बचपन से ही उसके दोनो पैरों में दिक्कत होने के कारण उसे चलने-फिरने व अपने निजी कार्यों को करने में काफी परेषानियों का सामना करना पड़ता था। घर से बाहर जाने के लिए उसे किसी का सहारे की जरूरत होती थी। लेकिन अब प्रदेष के मुख्यमंत्री साय ने उसे मोटराईज्ड ट्रायसायकिल दे दी है, जिसकी मदद से वह अब अपने कार्यों आसानी से पूरा कर सकेगी। कहीं जाने के लिए उसे किसी सहारे की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। कनक नाग ने कहा कि मुख्यमंत्री साय ने मुझे स्वचलित ट्रायसायकिल नहीं मेरे दोनों पैर दे दिये है। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद देती हूं। बता दें कि समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजनांतर्गत सहायक उपकरण निःशुल्क प्रदान किये जाते है।

# नववर्ष पर नंदनवन जंगल सफारी बना आकर्षण का केंद्र, पर्यटकों ने उठाया आनंद

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित नंदनवन जंगल सफारी नए वर्ष में लोगों के लिए रोमांच भरा पल लेकर आया। नववर्ष के जश्न में नंदनवन जंगल सफारी ने 5 हजार 762 पर्यटकों का स्वागत कर अपनी लोकप्रियता में एक नया अध्याय जोड़ा है। इस अवसर पर सफारी और चिड़ियाघर के रोमांचक अनुभवों के साथ-साथ पर्यटकों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सफारी में पर्यटकों के लिए नुक्कड़ नाटक, प्रकृति आधारित ड्राइंग कार्यशाला, वन्यजीवों पर आधारित माटीकला कार्यशाला और जैव विविधता पर प्रश्नोत्तरी जैसे रोचक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन गतिविधियों ने पर्यटकों को न केवल मनोरंजन प्रदान किया बल्कि उन्हें वन्यजीव संरक्षण और प्रकृति के महत्व को जानने-समझने का भी मौका दिया। बिलासपुर से आए पर्यटक मुकेश यादव ने अपना सुखद अनुभव को साझा करते हुए बताया कि हमने जंगल सफारी में हिरण, नीलगाय, भालू, बाघ और शेर सहित अन्य वन्य प्राणियों को स्वच्छंद विचरण करते देखा। चिड़ियाघर में विभिन्न वन्य प्राणियों की प्रजातियों का अनुभव अविस्मरणीय रहा। यहां आकर बच्चों ने माटीकला कार्यशाला में अपनी कल्पनाओं को आकार दिया। यह स्थान सपरिवार नववर्ष में समय बिताने के साथ-साथ हम सबके लिए शानदार और यादगार बन गया है। संचालक, जंगल सफारी धम्मशील गणवीर ने कहा कि हम पर्यटकों को न केवल आनंददायक अनुभव देना चाहते हैं, बल्कि उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना भी हमारा उद्देश्य है। हम 'प्रकृति दर्शन' और 'नेचर ट्रेल' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों में वन्य प्राणियों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रयासरत हैं। नंदनवन जंगल सफारी ने नववर्ष पर आगंतुक पर्यटकों को एक अनोखा अनुभव प्रदान किया, जहां मनोरंजन के साथ ज्ञान और जागरूकता का मिश्रण था। यह प्रयास वन्यजीव संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति लोगों की सोच को बदलने और जागरुकता लाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम साबित हो रहा है।

# मुख्यमंत्री साय के प्रयासों से आईटी हब के रूप में उभर रहा है नवा रायपुर, मिल रहे रोजगार के नए अवसर

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। विकसित भारत की तर्ज पर विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना को साकार करने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार सतत प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में नवा रायपुर अटल नगर में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं पर कार्य किया जा रहा है।



मुख्यमंत्री साय की पहल का नतीजा है कि छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर क्षेत्र में आईटी और आईटी- इनेबल्ड सर्विसेस का तेजी से विकास हो रहा है। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं। राज्य सरकार की योजनाओं और संस्थाओं की पहल से नवा रायपुर युवाओं के लिए रोजगार और विकास का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि नवा रायपुर में स्क्वायर बिजनेस सर्विसेज और टेली परफॉर्मेंस जैसी प्रमुख आईटी कंपनियों ने अपनी सेवाएं शुरू की हैं, जिससे अब तक 260 से अधिक युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है। रायपुर के एक साधारण मध्य वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाली 24 वर्षीय सतरूपा का सपना था कि वह आत्मनिर्भर होकर परिवार का सहारा बने। खेती- किसानी और घरेलू काम काज करने वाली सतरूपा की मां को अपनी बेटी पर गर्व है, क्योंकि पढ़ाई पूरी करने के बाद सतरूपा आज न केवल आत्मनिर्भर है, बल्कि परिवार को भी आर्थिक संबल प्रदान कर रही है।

नवा रायपुर के स्क्वायर बिजनेस सर्विसेज में नौकरी कर रही सतरूपा ने मेहनत और लगन से तरक्की की राह पकड़ ली। पहले साल में ही उसे पदोन्नति मिली और उसका वेतन बढ़ा, जिससे उसने अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूती दी। नवा रायपुर में स्क्वायर बिजनेस सर्विसेज ने 180 और टेली परफॉर्मेंस ने 80 पदों पर भर्ती की है। इसके अलावा, टेली परफॉर्मेंस ने 100 और कर्मचारियों की भर्ती करने की योजना बनाई है और सीएसएम टेक्नोलॉजीज ने 200 प्रोफेशनल्स की भर्ती के लिए आवेदन मंगाए हैं। यह न केवल नवा रायपुर के लिए बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए सकारात्मक बदलाव के संकेत है।

नवा रायपुर के आईटी हब बनने की प्रक्रिया में राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। रायपुर और नवा रायपुर के बीच आईटी पेशेवरों के लिए मुफ्त बस सेवा की तथा स्क्वायर बिजनेस सर्विसेज के कर्मचारियों के लिए आवासीय समाधान भी उपलब्ध कराने की योजना है। सीबीडी सेक्टर 21 में अत्याधुनिक कार्यालयों का निर्माण किया जा रहा है, जो कर्मचारियों को बेहतर कार्य वातावरण प्रदान करेंगे। नवा रायपुर में आईटी क्षेत्र के विकास के साथ ही आने वाले समय में 10,000 से अधिक रोजगार के अवसर उत्पन्न होने की संभावना है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950